उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी.....

# बी पी एस न्यूज



www.bpsnews.in

वर्षः 10 || अंकः34 || पृष्ठः 8 || मूल्य 2:00/- रुपए || कानपुर || सोमवार || 22 सितंबर 2025

अंदर के पृष्ठों पर | कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए सद्बुद्धि हवन कर जन्मदिन की दी बधाई 7 | पटाखा विक्रेताओं को नियम व सुरक्षा मानकों से अवगत कराने को विशेष गोष्ठी आयोजन 8

जीएसटी

## पीएम मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन

# जीएसटी सुधारों को लेकर देश में उत्साह

» बीपीएस न्यूज



**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों को नवरात्र और जीएसटी सुधारों को लेकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजों को और ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे।**

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जाने-अनजाने में हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत सी विदेशी चीजें जुड़ गई हैं। हमारी जेब में कंघी देशी है कि विदेशी है, हमें पता ही नहीं। अब हमें इससे मुक्ति पानी होगी। हमें वो चीजें खरीदनी होंगी जो भारत में बनी हो, जिसमें हमारे देश के बेटे-बेटियों का पसीना हो, हमें देश के घरों को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। गर्व से कहो कि मैं स्वदेशी खरीदता हूं, मैं स्वदेशी सामान की बिक्री भी करता हूं। ये हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिए। जब ये होगा तो भारत तेजी से विकसित होगा। मेरा आज सभी राज्य सरकारों से भी आग्रह है कि आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान के साथ, स्वदेशी के इस अभियान के साथ अपने राज्यों में उत्पादन को गति दें। पूरी ऊर्जा और उत्साह से। निवेश के लिए माहौल बनाएं, जब केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढेंगे तो विकसित भारत का सपना पूरा होगा। इसी के साथ मैं इस बचत उत्सव की अनेक शुभकामनाएं देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब हमें आत्मनिर्भरता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। जो देश के लोगों की जरूरत है, जो हम देश में बना सकते हैं, वो हमे देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे एमएसएमई, हमारे लघु, कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा। उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना पड़ेगा। यानी उनको भी डबल फायदा होगा। इसलिए आज मेरी एमएसएमई से, चाहे लघु हों या सूक्ष्म या कुटीर, आप सबसे बहुत अपेक्षाएं हैं। आपको भी पता है कि जब भारत समृद्धि के शिखर पर था, तब अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हमारे लघु-कुटीर उद्योग थे। भारत की मैन्युफैक्चरिंग और क्वालिटी बेहतर होती थी। हमें उस गौरव को वापस पाना है। जो हमारे उद्योग बनाएं वो दुनिया में उत्तम से उत्तम हों। जो हम बनाएं वो दुनिया में बेस्ट के पैरामीटर को पार करने वाला हो। हमारे उत्पाद दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाएं।

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि दुकानदार भाई-बहन जीएसटी सुधार को लेकर उत्साह में है। वे इसके फायदों को ग्राहकों को पहुंचाने में जुटे हैं। हम नागरिक देवो भव: के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अगर हम इनकम टैक्स में छूट और जीएसटी में छूट को जोड़ दें तो एक साल में जो निर्णय हुए हैं, उससे देश के लोगों को 2.5 लाख करोड़ से ज्यादा की बचत होगी। इसलिए यह बचत उत्सव बन रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी को परास्त किया है और गरीबी से बाहर निकलकर एक बहुत बड़ा समूह नियो मिडिल क्लास के तौर पर बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। इस क्लास की अपनी महत्वाकांक्षाएं और सपने हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख तक की इनकम को टैक्स मुक्त कर उपहार दिया और जब 12 लाख तक वेतन पर टैक्स शून्य हो जाए तो मध्यमवर्ग को तो काफी सुविधा हो जाती है। अब गरीब की बारी है. नियो मिडिल क्लास की बारी है। अब इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है।

## सीएम योगी बोले- जीएसटी रिफॉर्म से नए रोजगार का होगा सृजन, ये पीएम मोदी का देशवासियों को दिवाली गिफ्ट

» बीपीएस न्यूज



**लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरी झंडी दिखाकर नमो मैराथन को रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से नए रोजगार का सृजन होगा और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देश और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है। इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गयी है, वहीं दूसरी ओर नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने वाले स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गयी है।**

यह घोषणा 3 सितंबर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितंबर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा।ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर रविवार को नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कही। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के जयकारों से युवाओं को हौसला बढ़ाया। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अवसर पर देशवासियों से विकसित भारत का संकल्प लेने और पंच प्रण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि गुलामी के अंशों को समाप्त करना होगा, अपनी विरासत का सम्मान करना होगा, सेना व वर्दीधारी बलों के प्रति आदर रखना होगा, सामाजिक समता के निर्माण के लिए कार्य करना होगा और अपने नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। यही पंच प्रण भारतवासियों को विकसित भारत की यात्रा का सारथी बनाएंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इसी प्रेरणा से उत्तर प्रदेश ने विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। अभियान को प्रदेश में युवाओं, किसानों, श्रमिकों, व्यापारियों और बुद्धिजीवियों का अपार समर्थन मिल रहा है। हर व्यक्ति अपने क्षेत्र में योगदान देने को तैयार है। आत्मनिर्भरता को विकसित होने की कुंजी बताते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर समाज स्वस्थ समाज से ही बनता है और ऐसे आयोजनों जैसे नमो मैराथन से समाज को नई दिशा मिलती है।

## सपा ने 'कसाइयों को दिया संरक्षण, भाजपा ने गाय को दिया सम्मान': ब्रजेश पाठक



» बीपीएस न्यूज

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्र ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर प्रहार करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि विपक्षी दल ने कसाइयों को सरंक्षण दिया जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गाय को सम्मान दिया।**

एक आधिकारिक बयान में पाठक ने कहा कि प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी की बेचैनी काफी समय से देख रही है। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री यादव भूल गए हैं कि सपा सरकार के समय अपराधियों को खुला संरक्षण मिला था और अवैध बूचड़खाने धड़ल्ले से चलते थे।पाठक ने आरोप लगाया, ''सपा सरकार में गौ माता का खुलेआम वध होता था और कसाइयों को सरकारी संरक्षण प्राप्त था। कसाइयों को संरक्षण देने वाली सरकार समाजवादी पार्टी की थी।उपमुख्यमंत्री ने कहा, गौ माता का संरक्षण करने और सम्मान देने वाली सरकार भाजपा की है। उन्होंने गोरखपुर जिले में 20 वर्षीय नीट अभ्यर्थी की हत्या मामले का जिक्र करते हुए कहा कि प्रकरण में आरोपी की गिरफ्तारी वारदात के 24 घंटे के भीतर हो गई, जिससे सपा मुखिया की जमीन खिसक गई। पाठक ने दावा किया कि 'वोट बैंक' की राजनीति के चलते अखिलेश यादव अपराधी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

## अदालत ने हत्या मामले में दोषी व्यक्ति की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदला

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ठगी से जुड़े हत्या के एक मामले में दोषी व्यक्ति की मौत की सजा को कम करके बिना किसी छूट के 40 साल तक के कारावास में बदल दिया।दोषी व्यक्ति पर आरोप था कि उसने बेटी के इलाज का झूठा वादा करके एक महिला से एक लाख रुपये ठगे और जब इसका खुलासा हुआ तो दोनों की हत्या कर दी।

सुनील दास उर्फ गुरुदेव नामक व्यक्ति ने यज्ञ करने के नाम पर 83,000 रुपये लिए लेकिन वह लड़की को ठीक नहीं कर पाया जो आग में झुलस गई थी।अगस्त 2023 में बीरभूम जिले के रामपुरहाट सत्र न्यायालय ने दास को बलात्कार, हत्या और सबूतों को गायब करने का दोषी पाया था। निचली अदालत ने उसे 17 मई 2020 को दो महिलाओं की हत्या करने के लिए मौत की सजा, बेटी से बलात्कार के लिए आजीवन कारावास और सबूतों को गायब करने के लिए सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी।

हालांकि, उच्च न्यायालय ने उसे बलात्कार के मामले में दोषी नहीं पाया जिसके लिए निचली अदालत ने उसे दोषी ठहराया था।

## प्रशांत किशोर ने फर्जी कंपनियों के जरिये सैकड़ों करोड़ रुपये जुटाए: भाजपा

» बीपीएस न्यूज



**नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई ने प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को शनिवार को धोखाधड़ी पर आधारित एक राजनीतिक स्टार्टअप बताया और पूर्व चुनाव रणनीतिकार पर फर्जी कंपनियों के माध्यम से सैकड़ों करोड़ रुपये जुटाने का आरोप लगाया। इससे एक दिन पहले किशोर ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाया था।**

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने किशोर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाले महागठबंधन की अप्रत्यक्ष रूप से मदद करने का आरोप लगाया और पूछा, उनकी पार्टी अब भी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल पार्टियों द्वारा शासित राज्यों से धन क्यों प्राप्त कर रही है?इकबाल ने आरोप लगाया, पश्चिम बंगाल से 370 करोड़ रुपये से अधिक आए हैं, जहां उन्होंने 2021 के विधानसभा चुनावों में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के लिए काम किया था। इसके अलावा, किशोर को तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे राज्यों से भी भारी धनराशि मिल रही है। इकबाल ने कहा, किशोर बिहार में जंगलराज की वापसी का रास्ता साफ कर रहे हैं। उनकी जन सुराज पार्टी धोखाधड़ी पर आधारित एक राजनीतिक स्टार्टअप है। वे दर्जनों फर्जी कंपनियों के जरिये सैकड़ों करोड़ रुपये जुटा रहे हैं, जिनसे उनके परिवार के सदस्य और उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह के रिश्तेदार जुड़े हैं। उनकी पार्टी ने राज्य की 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों से भी 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठा की है।

## आज से भाजपा का जीएसटी बचत महोत्सव, सांसद अपने क्षेत्र के बाजारों में करेंगे पैदल मार्च

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। 22 सितंबर से अमल में आने वाली जीएसटी में मुख्य रूप से सिर्फ 5 और 18 फीसदी की दो दरें ही होंगी। लग्जरी और विलासितापूर्ण वाली वस्तुओं पर अलग से 40 प्रतिशत कर लगाया जाएगा। इसे लेकर भाजपा 22 से 29 सितंबर जीएसटी बचत महोत्सव का आयोजन करेगी। देश में जीएसटी सुधारों के समर्थन में भाजपा ने अभियान चलाने की तैयारी की है। भाजपा 22 सितंबर से जीएसटी बचत महोत्सव शुरू करने जा रही है। 29 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत हर भाजपा सांसद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाजारों में पैदल मार्च करेंगे।

भाजपा के इस अभियान के पीछे का उद्देश्य व्यापारियों, दुकानदारों और आम जनता से सीधे जुड़ना, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना और इस बात पर जोर देना है कि इसने अर्थव्यवस्था में बचत और पारदर्शिता में कैसे योगदान दिया है। सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान में विभिन्न राज्यों के पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की बड़े पैमाने पर भागीदारी की उम्मीद है। स्थानीय बाजारों में पदयात्राएं करके, भाजपा अपनी जमीनी पहुंच को मजबूत करने और छोटे व्यवसाय मालिकों से जुड़ने की योजना बना रही है, ताकि व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने वाली सरकारी नीतियों पर प्रकाश डाला जा सके।

## भाजपा सरकार ने विदेश नीति को ताक पर रख दिया : अखिलेश

» बीपीएस न्यूज



**लखनऊ। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विदेश में बसे भारतीयों को हिंसक हमलों से बचाने में भी सरकार नाकाम है। सपा प्रमुख ने कहा कि आतंकवाद पर सरकार किसी देश को भी साथ नहीं ला पा रही है।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने विदेश नीति को ताक पर रख दिया है।सपा प्रमुख ने शनिवार देर रात अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा, ''भाजपा राज में विदेश नीति का आपातकाल आ गया है।'' उन्होंने इसे स्पष्ट किया, ''भाजपा सरकार न मनचाहे टैरिफ़ से बचा पा रही है और न ही मनमानी वीज़ा फ़ीस से।यादव ने दावा किया कि सरकार न तो पड़ोसी देशों से संबंधों को बचा पा रही है और न गुटनिरपेक्षता की ऐतिहासिक नीति को। उन्होंने पोस्ट में यह भी कहा, ''भाजपा सरकार प्रवासी भारतीयों को न तो हथकड़ी और जंजीर से और न ही सरेआम अपमान से बचा पा रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विदेश में बसे भारतीयों को हिंसक हमलों से बचाने में भी सरकार नाकाम है। सपा प्रमुख ने कहा कि आतंकवाद पर सरकार किसी देश को भी साथ नहीं ला पा रही है।

## जुबीन गर्ग के पार्थिव शरीर से लिपट कर रोईं पत्नी गरिमा

**नई दिल्ली। सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान हुए हादसे के चलते गायक जुबीन गर्ग की जान चली गई। उनके पार्थिव शरीर को गुवाहाटी लाया गया है और अंतिम दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर आ गए हैं। गायक जुबीन गर्ग के पार्थिव शरीर को अब गुवाहाटी उनके आवास पर लाया गया है। देर रात सिंगापुर से उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली एयरपोर्ट पर लाया गया, जिसके बाद गुवाहाटी के लिए शव को रवाना कर दिया गया था।**

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अब जुबीन के अंतिम सफर की झलकियां अपने एक्स अकाउंट पर साझा की हैं।

इससे पहले उन्होंने देर रात गायक को श्रद्धांजलि अर्पित की। अब जुबीन के पार्थिव शरीर को उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। जुबीन का पार्थिव शरीर जब गुवाहाटी एयरपोर्ट पहुंचा तो पत्नी गरिमा के आंसू नहीं रुके। वो पति के पार्थिव शरीर को देखकर लगातार रोती रहीं। जुबीन के शव को देखकर वो लिपट-लिपट कर रोती हुई नजर आ रही हैं। पिता ने भी जुबीन को श्रद्धांजलि दी। वह भावुक नजर आए।



## अपनी बात....
### सपादकीय .............

# किसानों को प्रोत्साहन व्यवहार्य विकल्प

निर्विवाद रूप से पर्यावरण प्रदूषण देश के सामने एक बड़ा संकट है। लाखों लोगों के जीवन पर इससे संकट के बादल मंडराते हैं। शीत ऋतु की दस्तक के साथ राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की काली छाया के बीच अक्सर इस संकट के मूल में निकटवर्ती राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं को जिम्मेदार बताने की कवायद हर साल होती है। इस बार भी पंजाब में धान की खरीद शुरू होने के बाद विभिन्न हितधारकों का ध्यान एक मौसमी समस्या पराली जलाने की ओर आकर्षित हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से उस कुप्रथा में लिप्त कुछ किसानों को गिरफ्तार करने के बारे में निर्णय लेने को कहा है, जिसे हर साल अक्तूबर–नवंबर में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारण बताया जाता है। वैसे न्यायालय ने इस बात को स्वीकार किया है कि 'हमारे लिये किसान विशेष हैं और हम उनकी बदौलत ही भोजन प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही अपनी खाद्य श्रृंखला को मजबूत कर रहे हैं।' लेकिन वहीं दूसरी ओर शीर्ष अदालत ने राज्य से पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में कड़ा संदेश देने के लिये दंडात्मक प्रावधान लागू करने का भी आग्रह किया है। निर्विवाद रूप से देश में पंजाब और हरियाणा, जो कि खाद्यान्न उत्पादन में अग्रणी राज्य भी हैं, पराली जलाने से रोकने के लिये विगत में कभी–कभी किसानों को जेल में भी डालते रहे हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि यह कठोर कदम व्यावहारिक धरातल में एक प्रभावी निवारक साबित नहीं हो सका है। हमें इस बात की भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि पिछले कुछ वर्षों में हुई गिरफ्तारियों और भारी जुर्माने ने इस क्षेत्र के कृषक समुदाय के गुस्से को भड़काया ही है। जिसने केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ आवाज उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वैसे एक हकीकत यह भी है कि सत्ताधीशों के लिये किसानों पर आपराधिक मुकदम चलाना राजनीतिक दृष्टि से एक जोखिम भरा कदम माना जाता है।

निस्संदेह, इन राज्यों में किसान अब एक प्रभावशाली वोट बैंक बन चुके हैं। खासकर पंजाब में किसानों की जागरूकता सत्ताधीशों पर दबाव बनाने में कामयाब हो जाती है। सर्वविदित है कि देश के सीमावर्ती राज्य पंजाब में हाल ही में आई बाढ़ के दौरान धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ऐसे में किसानों के खिलाफ कोई सख्त कदम उठाना संवेदनशीलता की दृष्टि से उचित भी नहीं कहा जा सकता है। इसलिए अधिकारी किसी संभावित आक्रोश से बचने के लिये दंडात्मक कार्रवाई से बचने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसे में वे कोई सुरक्षित रुख अपना सकते हैं। निस्संदेह, किसी ऐसी सख्त कार्रवाई से पहले ही प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे किसानों की स्थिति और बिगड़ सकती है। ऐसे हालात में किसानों से टकराव की बजाय सहयोग को प्राथमिकता बनाना तार्किक कहा जा सकता है। आर्थिक विकल्प, दंड से बेहतर काम करेगा। दूसरी ओर किसानों को पराली के प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। हम उन्हें सशक्त बनाकर इस संकट का तार्किक समाधान निकाल सकते हैं। सर्दियों में भीषण ठंड से बचने के लिये पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ किसानों की भलाई सुनिश्चित करने वाले पर्यावरण अनुकूल कदम उठाना भी जरूरी है। साथ ही पराली का निस्तारण करने वाली मशीनों की खरीद के लिये किसानों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। मशीनों की खरीद में सब्सिडी तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सहकारिता के आधार पर इनके उपयोग से भी सार्थक परिणाम मिल सकते हैं। इस दिशा में किसानों को जागरूक करने के लिये अभियान चलाए जाने जरूरी हैं।

# रक्षा आत्मनिर्भरता के लिए वित्तीय संसाधन

ललित गर्ग

**ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे सशस्त्र बलों के बीच अधिक एकीकरण और आत्मनिर्भरता पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। इस संदर्भ में हाल ही में कोलकाता में संयुक्त कमांडरों को प्रधानमंत्री का संबोधन कई...ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे सशस्त्र बलों के बीच अधिक एकीकरण और आत्मनिर्भरता पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। इस संदर्भ में हाल ही में कोलकाता में संयुक्त कमांडरों को प्रधानमंत्री का संबोधन कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है। हालांकि रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता के लिए वित्तीय आवंटन बढ़ाना भी जरूरी है। कोलकाता में 15 सितंबर को आयोजित 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन में दिया एक संदर्भ बहुत अहम है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहली बार था जब प्रधानमंत्री सेना के शीर्षस्थ अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।**




जहां इस ऑपरेशन को बड़ी सफलता के रूप में सराहा गया– चंद आरंभिक असफलताओं के बावजूद – वहीं इसने भारत की सुरक्षा के शीर्ष निर्धारकों के विचारार्थ एक नई सामान्य और परिचालन चुनौती पेश की है। वह है, परमाणु ब्लैकमेल एवं आतंकवाद के बीच संबंध– एनडब्ल्यूईटी (परमाणु हथियार सक्षम आतंकवाद) सिंड्रोम – और ऐसे कई अन्य पहलू, जिन पर उद्देश्यपूर्ण समीक्षा करने की जरूरत है।ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ और जारी है, अर्थात सेना अभी भी चौकस है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नए क्षेत्रीय भू–राजनीतिक और रणनीतिक नाते सामने आए, विशेष रूप से चीन–पाकिस्तान सहयोग, जो अब सामरिक गठबंधन का रूप धर चुका है और इस जुगलबंदी से अगली किसी युद्धक आपात स्थिति में नई चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा, टैरिफ को लेकर अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंधों में हालिया तनाव ने समुद्री क्षेत्र में सहयोग के भविष्य को लेकर, खासकर क्वाड का भविष्य, काफी अनिश्चितता खड़ी कर दी।हालांकि, इन जटिलताओं और चुनौतियों पर इस सम्मेलन में चर्चा नहीं की गई और प्रधानमंत्री का संबोधन (जैसा कि प्रेस सूचना विभाग द्वारा जारी किया गया) का सार अपेक्षाकृत संक्षिप्त था – मात्र 275 शब्दों का। इसकी इबारत चिर–परिचित थी और विषयवस्तु रक्षा सुधारों, परिचालन तत्परता और उभरते सुरक्षा परिदृश्य पर केंद्रित रहा। साल 2025 के इस सम्मेलन का मुख्य विषयवस्तु था 'सुधारों का वर्ष – भविष्य के लिए रूपांतरण' और इसके लिए संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार पर चर्चा हुई।मोदी के आह्वान का निहितार्थ महत्वपूर्ण और निर्देशात्मक है, कि उन्होंने रक्षा मंत्रालय को थल सेना, नौसेना और वायु सेना के बीच 'अधिक एकीकरण' (जोर दिया शब्द बाद में जोड़ा गया) बनाने की पहलों में तेजी लाने और स्वदेशी तकनीक एवं नवोन्मेष को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। वहीं यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता तीनों सेनाओं के बीच तालमेल का प्रमाण है।ये दो नीतिगत मुद्दे, जैसे युद्ध क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए तीनों सशस्त्र बलों के बीच अधिक संयुक्तता; और आत्मनिर्भरता में स्पष्ट दिखाई देने वाली प्रगति। की स्थापना शामिल है ताकि भूलभुलैया सी जटिल निर्णय प्रणाली में वर्दीधारी बिरादरी की भागीदारी भी हो सके।

हालांकि, इन दोनों निर्णयों के परिणाम उस तरह का नहीं रहा, जिसकी परिकल्पना बनाते समय की गई थी और इसपर पीएम मोदी के कोलकाता संबोधन के संदर्भ में प्रारंभिक समीक्षा को तरजीह देना बनता है। कमानों के बीच एकता, बहुत सम्मानित सैन्य सिद्धांत रहा है, लेकिन भारतीय संदर्भ में, 1965 से यह तीनों सशस्त्र बलों के बीच तीखी बहस का विषय रहा। सार यह कि जहां थलसेना इसकी प्रबल समर्थक है और नौसेना इस अवधारणा का अनुमोदन करती है वहीं वायु सेना को मोदी सरकार द्वारा बनाई गई उस रणभूमि संयुक्त कमान व्यवस्था पर किंतु–परंतु है।भारत ने सितंबर 2024 में लखनऊ संयुक्त कमांडर सम्मेलन (जेसीसी) के दौरान औपचारिक रूप से एकीकृत युद्ध संचालन कमान (आईटीसी) की स्थापना की घोषणा की थी, जिसमें सशस्त्र बलों ने तीन प्रस्तावित आईटीसी – उत्तरी (चीन पर केंद्रित), पश्चिमी (पाकिस्तान पर केंद्रित), और समुद्री (हिंद महासागर क्षेत्र के लिए) बनाने का विस्तृत खाका और तौर–तरीके सरकार की मंजूरी के लिए पेश किए थे।हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद, वायुसेनाध्यक्ष एपी सिंह ने उस मौजूदा व्यवस्था में आमूल–चूल परिवर्तन करने के प्रति आगाह किया है, जिसमें प्रत्येक सेवा प्रमुख का अपने तहत आते बल पर पूर्ण परिचालन नियंत्रण है। अनेक सैन्य सामग्री की कमियों से जूझ रही वायुसेना की क्षमता, जिसने भारतीय वायु शक्ति को घटा रखा है, इस पर 'जब कुछ टूटा ही नहीं है,

तो जोड़ना किसको है?' वाली कहावत लागू होती दिखाई देती है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को वर्तमान परिचालन व्यवस्था (कुल 17 सैन्य कमानों का मिला–जुला अंतर–सेना मंच) के संतोषजनक ढंग से काम को मिसाल के रूप में देखा जा रहा है।मौजूदा सैन्य कमान संरचनाओं को युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता कोई नया मुद्दा नहीं और यहां याद किया जा सकता है कि मनमोहन सिंह ने 2013 के अंत में संयुक्त कमांडरों को बतौर प्रधानमंत्री अपने अंतिम संबोधन में 'उच्च रक्षा प्रबंधन हेतु सही संरचनाओं की स्थापना और हमारी जटिल सुरक्षा की मांग के अनुरूप निर्णय लेने में समुचित नागरिक–सैन्य संतुलन स्थापना में तत्काल एवं ठोस प्रगति' की जरूरत पर बल दिया था। उन्होंने आगे कहा था- 'मैं आपको इसपर सर्वोच्च पेशेवराना चिंतन करने, विभिन्न रक्षा सेवाओं के बीच मतभेदों पर सहमति बनाने और भविष्य के लिए रूपरेखा तैयार करने को प्रोत्साहित करता हूं। मैं विश्वास दिलाता हूं कि राजनीतिक नेतृत्व आपकी सिफारिशों पर अत्यंत सावधानीपूर्वक विचार करेगा'।

## भारी हिंसा के बाद सरकार ने जनता से हार मान ली

# व्यंग्य - कांग्रेसी युवाओं को माया मिली ना राम

राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी
पंकज सीबी मिश्रा



**महान समाजशास्त्री सन्नाटा बाबा कहते हैं- नंगई और रजनीति का सम्बंध लम्बे समय से रहा है । आज कल के राजनीति में नेता रूपी मजनू को जैसे ही कोई थैला मिलता है, वह लैला को छोड़ देता है। अब वोट चोरी पर रागा का थैला देखकर एनएसयूआई की नई वाली पोहा भी रोना धोना शुरू कर चुकि है । चुकी रोने वाले वीडियो पर भी मिलियन व्यू आ रहे हैं सो रोना रेगुलर है। लगे हाथ युवा कहलाने की नौटंकी भी शुरू है। पता चल रहा है कि यही रोना धोना जेएनयू के छात्र संघ चुनाव में भी एनएसयूआई द्वारा शुरू बात वही ट्रांसजेंडर के घर हुआ लड़का, उन्होंने चूम चूमकर ही मार दिया । नेपाल में जेन - जी अर्थात गँवार जनरेशन तथा ग्लोबल भाषा में जिन्हें सोशल मीडिया छपरी कहते हैं उनका सीधा मुकाबला राहुल गांधी के जेन - जेड अर्थात जेनरशन झंडू से है । दोनों में यही समानता है कि दोनों बाहर से घोषणा करके कहते है कि अपने अपने गुट के नाम लेके आओ महागठबंधन बनाओ, जिसे तुम अंतरिम प्रधानमंत्री बनाना चाहते हो वो बस लोकतंत्र को आग लगाएगा ।**

नेपाल में कुछ जेन – जी वाले कह रहे हैं के अंतरिम प्रधानमंत्री 1997 से 2012 तक पैदा हुआ व्यक्ति ही बनना चाहिए। भारत में भी जेन – जेड वाले यही कह रहें। अब राहुल गाँधी का हाल ठीक वैसा ही कि माया मिली ना राम ! बिहार में वोट अधिकार रैली में आये बिजली विभाग का लाइनमैन भी अंतरिम प्रधानमंत्री की रेस में शामिल हो गया जैसे घोड़ों की दौड़ में गधे। कुछ सहज हिंदुत्ववादी योद्धा रागा के पक्ष में खड़े हैं।

मुझे लगता है जेएनयू वाली चौधरानी जैसी लड़कियों का समर्थन करना आत्मघाती है। ये सब जानबूझ कर पैसे के लिए पॉलिटिक्ल गलीज में उतरती हैं और लगे हाथ अपना प्रमोशन भी करती हैं। पोहा नामक गायिका की तरह अपने आप को सही ठहराती हुई समाज को गालियां भी देती हैं। और जब मामला बिगड़ता है तब इनको महिला आयोग याद आता है। चार पाँच साल पहले जब फ्री नेट के कारण दुनिया सबकी मुट्ठी में आ रही थी, और खाली बैठा हर व्यक्ति स्वयं को डिजिटल क्रियेटर के पद पर शुशोभित करने लगा था, उसी समय भोजपुरिया इलाके की एक फूहड़ सी दिखने वाली छपरी टाईप की लड़की मुर्गी काटने का काम छोड़ कर फेसबुक के लिए देसी गायन वीडियो बनाने लगी । डिजिटल दुनिया में नाम बनाई – सोशल मिडिया अर्निंग मनी की लालची बनी । उसकी बेसुरी गायकी में केवल टोंट था सामाजिकता कहीं नहीं , केवल और केवल गालियां थी ।गन्दी गन्दी गालियां।कोई विशेष स्क्रिप्ट नहीं, कोई कंटेंट नहीं, बस दो लोग आपस में बात करती और हर पंक्ति में मोदी योगी को हर गन्दी फूहड़ गाली.. भाषा इतनी गंदी की क्या ही कहें। पर भाई साहब! सारी दुनिया हम यूपी बिहार वालों को विशेष दृष्टि से यूँ ही तो नहीं देखती न। हम जो हैं वे हमीं हैं। यहाँ के महान दर्शकों ने उन गालियों को खूब सुना। इतना सुना कि मनी मेराज जैसा नौसिखिया तब करोड़पति हो गया । मिलियन्स फॉलोवर, करोड़ों व्यू, लाखों लाइकज स्टार हो गया तब लड़का और यह लोकगायिका भी ।फिर क्या था, खेल जगत के 'बिग बॉस' और आईपीएल में उन्हें भोजपुरी कमेंटेटर के रूप में बुलाया जाने लगा। दुनिया जान गयी कि जो मनी मेराज बोलते हैं वही असली भोजपुरी है, और भोजपुरिया इलाके के लोग वैसे ही होते हैं जैसे मनी मेराज हैं।उधर दूसरी छपरी सोशल मीडिया से हिट हुई तो ढोलक पीट पीट कई रील बनाने लगी ।हिट हुई तो उसके पीछे कांग्रेस भी मंडराने लगीं। आलिया भट्ट, कियारा आडवाणी, सन्नी लियोनी बनने का सपना देखने वाली लड़कियां अब रील बनाने पर उतारू ।रागा के साथ काम करने का मौका मिल जाय तो लाइफ बन जाएगी टाइप की बातेंज एक रोल के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार रीलबाज लड़कियां।इन्हीं लड़कियों में एक हैं अपनी पोहा ! नाम से ही आप अंदाजा लगा सकते हैं कि ये औरत क्या हैं। मतलब वही जो आप समझ रहे हैंज इतना ही नहीं यह दुनिया को ज्ञान भी देने लगीं। हिन्नु मुस्लिम एकता की बातेंज卐न हिन्नु खतरे में है न मुलमान खतरे में है, गौर से देखो हिंदुस्तान खतरे में है卐 टाइप डेढ़ कौड़ी की शायरीज और उदाहरण दिया गया कि आखिर नेपाल सरकार को आधी रात सोशल मीडिया पुनः शुरू करना पड़ा ।भारी हिंसा के बाद सरकार ने जनता से हार मान ली ।आज दुनिया के करोड़ों युवाओं की जरूरत बन चुके हैं फेसबुक, एक्स, यू ट्यूब , व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम आदि माध्यम ।युवाओं की ही क्या तमाम विभागों और दुनिया की तमाम सरकारों की योजनाएं सोशल मीडिया के आधार पर बनती हैं या सोशल मीडिया से प्रभावित होती हैं ।विभागीय कार्यों एवं मीडिया कामकाज के लिए सोशल मीडिया के अनेक प्लेटफॉर्म्स जरूरी है ।ऐसे समय में जब दुनिया के 750 करोड़ से अधिक लोग सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हों किसी से देश के लिए भी सोशल मीडिया बंद करना आत्मघाती कदम हो सकता है ।

पोहा नामक गायिका की तरह अपने आप को सही ठहराती हुई समाज को गालियां भी देती हैं। और जब मामला बिगड़ता है तब इनको महिला आयोग याद आता है। चार पाँच साल पहले जब फ्री नेट के कारण दुनिया सबकी मुट्ठी में आ रही थी, और खाली बैठा हर व्यक्ति स्वयं को डिजिटल क्रियेटर के पद पर शुशोभित करने लगा था, उसी समय भोजपुरिया इलाके की एक फूहड़ सी दिखने वाली छपरी टाईप की लड़की मुर्गी काटने का काम छोड़ कर फेसबुक के लिए देसी गायन वीडियो बनाने लगी ।

नेपाल में यही हुआ और आज सारा नेपाल सड़कों पर है , सैकड़ों लोग घायल हैं , दर्जनों मर चुके हैं , सेना सड़कों पर है , चीन समर्थक ओली सरकार कभी भी धराशाई हो सकती है ।सोशल मीडिया की ताकत के सामने अंततः आधी रात ओली सरकार को झुकना पड़ा ।नेपाल की समस्या बस इतनी ही नहीं कि सोशल मीडिया बंद कर दिया गया ।हालांकि समस्या यह भी कोई कम नहीं ।दरअसल नेपाल में जब से राजशाही का खात्मा हुआ , नेपाल बर्बादी की ओर चल पड़ा ।चीन समर्थक मार्क्सवादी लॉबी हावी हो गई ।फिर विश्व के एक मात्र हिन्दू राष्ट्र नेपाल से हिन्दू राष्ट्र का दर्जा चीन समर्थक प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने छीन लिया ।तब से नेपाल में घोर राजनैतिक अस्थिरता आ गई है और तेजू भैया उसी का उदाहरण देकर बिहार को धमका रहें है।




## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओ के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।
दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।
फोन नं.- 8423454502,
bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओ को सूचित किया जाता है कि बीपीएस न्यूज समाचार पत्र मे नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।
- संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओ, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें -:मो.: 8423454502
email:bps.knp786@gmail.com

### केमिकल फैक्टरी से निकले वेल्डिंग कारीगर का 500 मीटर दूर मिला शव

कानपुर। गोविंद नगर थानाक्षेत्र के दादानगर में रविवार रात केमिकल फैक्टरी से काम करके निकले वेल्डिंग कारीगर का शव सोमवार सुबह फैक्टरी से 500 मीटर दूर पुलिया किनारे पड़ा मिला। परिजनों का आरोप है कि उनके शरीर पर कई चोट के निशान मिले हैं जिस कारण मौत संदिग्ध प्रतीत हो रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।पनका बहादुर नगर सरायमीता निवासी ललित कुमार राजपूत (38) रविवार रात दादानगर स्थित एक केमिकल फैक्टरी में वेल्डिंग का काम करने गए थे। छोटे भाई राज ने बताया कि रात करीब 8.15 बजे उनसे बात हुई तो उन्होंने घर निकलने की बात बताई। इसके बाद रात दस बजे तक जब वह घर नहीं लौटे तो उन्हें कॉल की गई। जिस पर फोन नहीं रिसीव किया।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति 5.0 का किया शुभारंभ, कानपुर में देखा गया कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित लोक भवन में मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मंडलायुक्त शिविर कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में देखा गया, जिसमें सांसद रमेश अवस्थी, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार, विधायक सरोज कुरील, विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक राहुल बच्चा, एडीजी आलोक सिंह, आईजी हरिश्चंद्र, पुलिस कमिश्नर आखिल कुमार, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, नगर आयुक्त सुधीर कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी और मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संजय काला उपस्थित रहे। नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति 5.0 आगामी 24 दिसंबर तक चलेगा। इस अवधि में महिला सशक्तिकरण और जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।




सजीव प्रसारण के उपरांत, जनपद में महिलाओं और बालिकाओं के पुनर्वास तथा सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर अधिवक्ता एवं समाजसेवी दिशा अरोड़ा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। दिशा अरोड़ा प्रो–बोनो विधिक सहायता को व्यावहारिक पुनर्वास और रोजगारपरक प्रशिक्षण से जोड़ने की पहल कर रही हैं। उनके प्रयास से जिला कारागार की महिला बंदियों, बालिका गृह की बालिकाओं और पॉक्सो पीड़िताओं को निःशुल्क कानूनी सहायता के साथ आजीविका से जुड़ने के अवसर मिल रहे हैं।

इस अवसर पर सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण—इन 'शक्ति के पंच प्रवाह' पर विशेष जोर दे रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, महिला साइबर सेल, एंटी रोमियो स्क्वॉड, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी पहलें महिलाओं को सशक्त बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रही हैं।

सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का अभियान है। जब महिलाएं आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनेंगी तभी परिवार और समाज मजबूत होगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों ही स्तर पर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं।महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार के प्रयासों से महिलाएं सशक्त हो रही हैं। विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि मिशन शक्ति जैसी पहलें हमारी बेटियों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। विधायक सरोज कुरील ने कहा कि मिशन शक्ति से बेटियों को सुरक्षित परिवेश मिलेगा और वे सशक्त होंगी।

स्थानीय स्तर पर होंगे विशेष कार्यक्रम

मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद में विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता गोष्ठियाँ, महिला स्वास्थ्य शिविर, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा कार्यशालाएँ और रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न विभागों के समन्वय से निराश्रित महिलाओं एवं बालिकाओं को योजनाओं से जोड़ने का अभियान भी चलाया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य है कि इस अवधि में अधिक से अधिक महिलाओं और बालिकाओं तक योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके।

महिलाओं के लिए हेल्पलाइन

महिलाओं की सुरक्षा और आपातकालीन सहायता के लिए शासन द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर संचालित किए जा रहे हैं। इनमें वीमेन हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस सेवा 102 तथा आपातकालीन पुलिस सहायता डायल 112 प्रमुख हैं। इन सेवाओं के माध्यम से महिलाओं को समय पर सहयोग और सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

# कुरीतियों का तर्पण करने गंगा तट पर उतरी महिलाएं, पिंडदान कर मोक्ष की कामना की

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। किसी कारण कुछ बेटियों को आज भी कुछ जगहों पर गर्भ में ही मार दिया जाता है, जिसकी वजह से वह दुनिया नहीं देख पाती है। ऐसी बेटियों का कोई जिक्र तक भी नहीं करता है, तर्पण तो दूर की बात है। ऐसी अजन्मी बेटियों का तर्पण करने का जिम्मा युग दधीचि देहदान संस्थान ने लिया है, जिसके तहत रविवार को सरसैया घाट में महिलाओं ने अजन्मी बेटियों का अपने हाथों से तर्पण व पिंडदान करते हुए उनके मोक्ष की कामना की।



युग दधीचि देहदान संस्थान के नेतृत्व में रविवार को कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व महापौर कैप्टन जगतवीर सिंह द्रोण ने की। उन्होंने इस कार्यक्रम को उत्तर भारत का अनूठा कार्यक्रम बताया। डॉ. उमेश पालीवाल व पं.शेषनारायण त्रिवेदी ने दीप पूजन संपन्न किया। मुख्य पूजन प्रयागराज से आई लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.प्रभा अवस्थी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पौत्री नंदिता मिश्रा, शिक्षाविद् डा. अलका दीक्षित, राज्य महिला आयोग सदस्य अनीता गुप्ता व रोटरी क्लब महासचिव डॉ.नीलम त्रिवेदी ने किया। कलश पूजन डॉ. सीमा श्रीवास्तव, भावना महाना, रमा महाना व पुष्पलता मिश्रा ने किया।

देव पूजन डॉ.अमित अवस्थी, सुधीर महाना, डॉ. आनन्द निगम व सुमित मिश्रा ने किया। कार्यक्रम संयोजक मनोज सेंगर ने बताया कि सनातन धर्म में अपने प्रियजन की मृत्यु होने पर वैदिक रूप से पूजन पाठ का विधान है लेकिन जिन बेटियों की गर्भ में हत्या कर दी गई, उनके लिये कहीं कोई पूजन तर्पण नहीं किया जाता है। हमने समाज की उसी भूल को सुधारा है और अजन्मी बेटियों से क्षमा मांगते हुये उनका तर्पण पिण्डदान सम्पन्न कर रहे हैं। मनीषा माहेश्वरी, डॉ.प्रतिभा बन्धु, गायत्री परिवार से कमलेश उपाध्याय, विमल राय, रमा राय, अंबिका श्रीवास्तव, कामिनी दास, छाया, गौरी, डॉ.अनुपम जैन, रेखा शुक्ला, सरला शुक्ला ने सम्पूर्ण विधिविधान से तर्पण कार्य सम्पन्न किया। समापन महाआरती गोल्डी मसाले निदेशक सुरेंद्र गुप्ता व विहिप प्रान्तीय अध्यक्ष राजीव महाना द्वारा की गई। इस दौरान संयोजिका माधवी सेंगर, जगमहेन्द्र अग्रवाल, सुमित मिश्रा गोल्डी, अनिल राय, रवि तिवारी, संजय भारती, पीयूष दास, अभिषेक, गौतम, दीपक, मनोज दास, अंशिका समेत 40 महिलाएं शामिल रही।

### युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

नगर कोतवाली क्षेत्र के मोदीनगर रोड स्थित गांव बदनौली मढैया निवासी कालू चौधरी (27) का शव रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में उनके ही नलकूप पर पड़ा मिला। मृतक तीन दिन पहले अपने कपड़े लेकर घर से निकला थे। शव के पास से पुलिस व फोरेंसिक टीम ने कीटनाशक पाउच व गिलास भी बरामद किया है। मृतक की पत्नी व दादी ने कालू की हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि रविवार की सुबह गांव बदनौली के ग्रामीणों द्वारा ईंट भट्टे के पीछे स्थित एक नलकूप पर एक युवक के शव पड़े होने की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली थी। सूचना पर वह, कोतवाल मुनीष प्रताप सिंह व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची थी। आसपास के लोगों से जानकारी करने पता चला कि शव गांव बदनौली मढैया निवासी कालू चौधरी का है।

# बंद चमड़ा फैक्टरी में मिला महिला का सुलगता शव, पास में पड़ा था रिफाइंड का खाली डिब्बा

» बीपीएस न्यूज

फतेहपुर। धुंआ उठता देख फैक्टरी में घुसे चरवाहों ने शव देखा। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। शिनाख्त के लिए आसपास के फुटेज खंगाले जा रहे।थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव के समीप बंद पड़ी (सील) चमड़ा फैक्टरी में सोमवार देर शाम महिला का सुलगता हुआ शव मिला। शव से धुआं उठता देख चरवाहों ने ग्रामीणों को जानकारी दी। कुछ देर बाद पुलिस भी पहुंच गई। फैक्टरी थाने से करीब सात–आठ सौ मीटर की दूरी पर स्थित है। पुलिस का कहना है कि महिला की हत्या कर शव को जलाया गया है या फिर जिंदा ही उसे जलाया गया। इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा।



पुलिस ने बताया कि कानपुर–प्रयागराज हाईवे पर रानीपुर के समीप चमड़ा फैक्टरी के आसपास कुछ चरवाहे मवेशी चरा रहे थे। इस बीच चरवाहों ने देखा कि फैक्टरी के अंदर से धुआं उठता देखा तो वे दीवार फांदकर भीतर पहुंचे। यहां उन्हें महिला का सुलगता शव पड़ा दिखा, जिससे धुंआ उठ रहा था। शव जलकर लगभग कंकाल सा बन गया था। नजदीक ही एक रिफाइंड का खाली डिब्बा भी पड़ा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी डिब्बे में केरोसिन, पेट्रोल या डीजल लाकर महिला को जलाया गया है। फिलहाल फॉरेंसिक टीम ने डिब्बे के अलावा शव जलने की राख और हड्डियों के टुकड़े कब्जे में लिए हैं।पुलिस अभी जांच कर ही रही थी कि तभी गांव निवासी प्रकाश निषाद मौके पर पहुंचा और उसने बताया कि उसकी पत्नी जगरानी (45) चार सितंबर की सुबह से लापता है। लेकिन उसने पत्नी का शव होने से मना कर दिया। कुछ ग्रामीणों ने पुलिस को यह भी बताया कि एक महिला सोमवार सुबह दो युवक के साथ बाइक से ओवरब्रिज के आसपास घूमते देखी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज तलाशने में जुटी है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि फैक्टरी में काफी समय पहले ममता साबुन बनता था। फैक्टरी किसी कानपुर निवासी की बताई जा रही है, लेकिन मालिक का नाम स्पष्ट नहीं है। साबुन के बाद इसमें कुछ समय तक तसले भी बने।


## कानपुर में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाया गया विशेष अभियान



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। नवरात्रि/दशहरा पर्व को देखते हुवे मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान व्रत की मिठाइयाँ, दुग्ध उत्पाद, घी, कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सूखे मेवे एवं अन्य फलाहार की शुद्धता सुनिश्चित करने के साथ–साथ हानिकारक रसायनों से पकाए गए केले एवं अन्य फलों के भंडारण एवं विक्रय को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से कार्यवाही की गयी है।

सहायक आयुक्त (खाद्य)–11 संजय प्रताप सिंह के निर्देशन पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान कुल 32 नमूने विभिन्न प्रतिष्ठानों से एकत्रित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं।दूध, पनीर, दही, घी, टोण्ड मिल्क, फुलक्रीम मिल्क – कल्याणपुर, माधोबाग, शिवराजपुर, रमईपुर, मूसानगर, कोयलानगर आदि क्षेत्रों सेज मिठाई एवं नमकीन उत्पाद (पेड़ा, बेसन लड्डू, छेना मिठाई, दूध बर्फी, खोया) – रावतपुर, कोयलानगर, शारदा नगर आदि क्षेत्रों सेज फलाहारी सामग्री (कुट्टू आटा, सिंघाड़ा आटा, साबूदाना, सेंधा नमक, किसमिस) – श्याम नगर, अशोक नगर, भन्नानापुरवा, रावतपुर आदि क्षेत्रों सेज सरसों का तेल – रामादेवी चौराहा, पिपरगांव आदि से संकलित नमूने लिए गये। सभी संग्रहीत नमूनों को विधिवत पैक कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है।



नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत आवश्यकतानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# रेलवे पटरी पर गर्दन रखकर नवीं की छात्रा ने ट्रेन से कटकर दी जान, दो टुकड़ों में शव देख बेसुध हुई मां

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र में गोलचौराहे से श्रम विभाग की ओर सौ मीटर दूर सोमवार की शाम ओंकारेश्वर स्कूल की नवीं की छात्रा ने रेलवे पटरी पर गर्दन रखकर ट्रेन से कटकर जान दे दी। स्कूली छात्रा का सिर धड़ से अलग देख राहगीरों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कूल बैग में कॉपी में लिखे पते से परिजनों को जानकारी दी तो चीखपुकार मच गई।







माता–पिता का आरोप है, कि सोमवार को बेटी के बैग में बुके और चॉकलेट निकलने पर टीचर ने उसे बुरी तरह से डांट दिया था। जिसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। वहीं स्कूल प्रबंधन ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। आवास विकास–एक केशवपुरम निवासी प्राइवेट कर्मी मुकुल आनन्द की बेटी संस्कृति आनन्द (15) जवाहर नगर स्थित ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल में नवीं की छात्रा थी।

परिवार में मां साधना व बड़ा भाई अरनव है जो गोपाल टावर के पास एक कॉलेज में 11 वीं का छात्र है। परिजनों ने बताया कि बेटी को चित्रकारी का काफी शौक था। बताया कि इसी कारण वह सोमवार को स्कूल बैग में बुके बनाकर और चॉकलेट रखकर ले गई थी। मां का आरोप है कि इस पर कक्षा में मौजूद टीचर ने उसे बुरी तरह से अन्य बच्चों के सामने डांट दिया। इसके बाद उन्हें शिकायत करने के लिए स्कूल बुलाया।वहां उनके सामने में डांटा और पिता से शिकायत करने की धमकी दी। इस पर मां ने माफी मांगते हुए पत्र लिखकर दिया और स्कूल से वह चली गईं।



आरोप है, कि सबके सामने जलील करने पर यह बात बेटी के दिल में चुभ गई। वह छुट्टी के समय 3.45 बजे स्कूल से निकली और घर नहीं पहुंची।

करीब 5.30 बजे वह गोल चौराहा पहुंची यहां रेलवे ट्रैक पर पटरी–पटरी सुनसान इलाके में पहुंची और स्कूल बैग किनारे रखकर पटरी पर गर्दन रख दी। काकादेव इंस्पेक्टर राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।दो टुकड़ों में शव देखते ही बगल में गिर गई मां पुलिस ने जैसे ही परिजनों को सूचना दी वैसे ही घटनास्थल पर मां को पहुंचने में एक–एक सेकेंड भारी लग रहा था। वह जैसे ही मौके पर पहुंची और स्कूल ड्रेस में खून से लथपथ शव और अलग सिर देखा तो अचेत होकर वहीं बगल में कुछ पल के लिए गिर गई। वहीं पिता सिर पकड़कर फोन पर अपने पिता राजेश आनन्द को जानकारी देते हुए गिर पड़े।

# इरफान बोले- कानपुर वालों की दुआ जो पत्नी को विधायक बनाया, कोर्ट पर मुझे पूरा भरोसा है

» बीपीएस न्यूज

**कानपुर। पेशी पर ले जाते समय जब इरफान ने अपने बेटे से मिलने की कोशिश की, तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोका। उनकी हाथ पकड़ने को लेकर पुलिसकर्मियों से झड़प हुई। बोले मेरा बेटा है...क्या मिल नहीं सकता। सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है। कानपुर वालों की दुआ है, जो पत्नी को विधायक बनाया। यह बातें सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी ने कोर्ट में पेशी पर जाने से पहले कहीं। आगजनी के मुकदमे में सजा काट रहे सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को बुधवार को कड़ी सुरक्षा में महाराजगंज जेल से कानपुर लाया गया। लगभग एक साल बाद इरफान को कानपुर लाया गया।**





इससे पहले पिछले साल अगस्त में वह कानपुर आए थे। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में चल रहे गैंगस्टर के मुकदमे में आरोप तय होने हैं। मुकदमे में इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी, शौकत अली, इसराइल आटे वाला, मो. शरीफ, अज्जन उर्फ एजाज और मुर्सलीन खान उर्फ भोलू आरोपी हैं। इसमें इरफान के अलावा रिजवान और इसराइल कानपुर जेल में बंद हैं जबकि बाकी को जमानत मिल चुकी है।

### स्वास्थ्य परीक्षण के लिए ले जाना था

इरफान को महाराजगंज जेल से 10 सितंबर को ही कोर्ट में पेश होना था, लेकिन जेल से आई रिपोर्ट में कहा गया था कि इरफान को गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए ले जाना है। इसलिए कोर्ट में पेश नहीं किया जा सकता। पेशी के लिए किसी अन्य तारीख की मांग की गई थी। इस पर कोर्ट ने 17 सितंबर की तारीख दे दी थी।

### गैंगस्टर के मुकदमे में नहीं मिली है जमानत

जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में रहने वाली नजीर फातिमा ने अपने घर में आगजनी के मामले में जाजमऊ थाने में नवंबर 2022 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



इसमें सेशन कोर्ट ने सात जून 2024 को इरफान व उसके भाई रिजवान समेत पांच लोगों को सात-सात साल कैद की सजा सुना दी थी। हालांकि मुकदमे में इरफान को हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है, लेकिन गैंगस्टर के मुकदमे में जमानत न मिलने के कारण इरफान अभी जेल में ही बंद हैं।

### क्या बेटे से नहीं मिल सकता

पेशी पर ले जाते समय जब इरफान ने अपने बेटे से मिलने की कोशिश की, तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोका। उनकी हाथ पकड़ने को लेकर पुलिसकर्मियों से झड़प हुई। बोले मेरा बेटा है...क्या मिल नहीं सकता।

### 2027 में साथ-साथ चुनाव लड़ेंगे

नसीम सोलंकी के विधायक बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कानपुर की जनता ने हमें जिताया है। यह जनता का प्यार है। मुझे अल्लाह पर पूरा भरोसा है। 2027 का चुनाव हम दोनों साथ-साथ लड़ेंगे।

सराहनीय कार्य

**रोटरी क्लब कानपुर एलिट का तेरवां अधिस्थापन समारोह संपन्न**

# क्लब का अथक प्रयास वास्तविक मानव सेवा कार्य है : सांसद रमेश अवस्थी

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। रोटरी क्लब कानपुर एलिट का तेरवां अधिस्थापन समारोह स्थानीय गेंजेस क्लब में माननीय रमेश अवस्थी संसद के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

अतिथियों का स्वागत करते हुए निवर्तमान अध्यक्ष प्रीति बग्गा ने गत दो वर्षों में क्लब के किए हुए सेवा कार्यों से सदन को परिचित कराया व अस्वस्थ किया कि आगामी अध्यक्ष के नेतृत्व में क्लब मानवीय सेवा के और भी अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करेगा। वर्तमान अध्यक्ष विजय दुग्गल ने अपने संबोधन में सदन को आश्वस्त किया कि जो मानव सेवा कार्य क्लब द्वारा किए जा रहे हैं वह यथा अनुरूप कार्य करेंगे और महिला सशक्तिकरण व शिक्षा क्लब का मुख्य लक्ष्य होगा। श्री दुग्गल ने बताया की वर्तमान में तीन इंटरेक्ट क्लब, इलीट द्वारा प्रायोजित है वह पांच आरसीसी के माध्यम से क्लब ग्रामीण इलाकों में मानव सेवा के कार्य कर रहा है इस वर्ष दो नए



इंटरेक्ट और दो आरसीसी सहित एक इनरव्हील क्लब अभी प्रेरित करने का लक्ष्य है।

इसके साथ ही सीएसआर के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में शिक्षा उत्थान के लिए कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अपने आशीर्वचनों में सांसद श्री रमेश अवस्थी ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए इन्हें वास्तविक मानव सेवा कार्य संबोधित किया और आश्वस्त किया कि उनके स्तर पर जो भी सहयोग क्लब चाहेगा उसे उपलब्ध कराने में वे पीछे नहीं

विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री शिवराम जी अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कानपुर दक्षिण ने क्लब को आश्वस्त किया कि शिक्षा उत्थान के लिए जो सहयोग बन पड़ेगा उसमें वे क्लब के साथ हैं।

मंडल अध्यक्ष मनोनीत जे एस भाटिया ने क्लब की प्रशंसा करते हुए कहा सीमित स्रोतों में जो काम रोटरी क्लब कानपुर एलिट कर रहा है वह निसंदेह अद्भुत है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश चंद्र शुक्ला ने क्लब को शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट मानव सेवा उदाहरण स्थापित करने की कामना की। धन्यवाद क्लब सचिव संतोष तिवारी द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण खन्ना, यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरविंद श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्र ऋषि, डॉ डी एन रायजादा, डॉ विनय अस्थाना ने क्लब को आशीर्वचनों से नवाज।

विभिन्न क्लबों के अध्यक्ष, सचिव व वरिष्ठ रोटेरियन के साथ-साथ मैंसौनिक सोसाइटी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी पूर्व मंडल अध्यक्ष लायन श्री गोपाल तुलस्यान के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ आशीष मिश्रा ने किया। इस अवसर पर तीस शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड दिया गया व महिला सशक्तिकरण के लिए समाज के विशिष्ट क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं को वुमन एंपावरमेंट अवार्ड से नवाजा गया।



## कूड़ा फेंकते समय खुले नाले में गिरा बुजुर्ग, एक किमी दूर मिला शव

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। नवाबगंज के परमियापुरवा इलाके में मंगलवार को कूड़ा फेंकने घर से निकला बुजुर्ग नाले में फिसल कर गिर गया। परिजनों ने काफी देर तक उनकी तलाश की लेकिन उनका पता नहीं चला जबकि कूड़ा भरी बोरी नाले के किनारे पड़ी मिली। कई घंटे बाद चिड़ियाघर तिराहे के पास नाले में बुजुर्ग का शव फंसा मिला। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।ख्योरा निवासी रज्जन लाल (69) की मोहल्ले में पंचर की दुकान थी। कुछ समय से अस्वस्थता के चलते वह घर पर ही रहते थे। उनकी पत्नी सौभाग्यवती फजलगंज स्थित फैक्टरी में नौकरी करती हैं। बेटे आशीष ने बताया कि चार जून को पिता का पथरी का ऑपरेशन हुआ था। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने और धीरे-धीरे चलने-फिरने की हिदायत दी थी। मंगलवार दोपहर रज्जन ने घर की सफाई की और बोरी में कूड़ा भरकर फेंकने के लिए निकले थे लेकिन कई घंटे बाद भी वह घर नहीं लौटे। परिजनों और पड़ोसियों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान नाले के पास कूड़े से भरी बोरी पड़ी मिली। इससे आशंका गहरा गई कि कहीं वह नाले में तो नहीं गिर गए। इसी बीच सूचना मिली कि चिड़ियाघर तिराहे पर नाले में एक शव फंसा है। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे तो शव की शिनाख्त की। आशीष के अनुसार बारिश के कारण नाले के किनारे फिसलन थी।

## माटी कुम्हार समाज के कलाकारों ने प्रदेश सरकार से जमीन की मांग की

कानपुर। माटीकला कुम्हार समाज के कारीगरों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार से कार्य करने के लिए जमीन को माग को लेकर सांस्कृतिक धरना सम्पन्न हुआ। धरने का नेतृत्व कर रहे दिलीप प्रजापति ने कहा कि 1994 में स्व0 नेताजी मुलायम सिंह यादव ने यह प्राविधान लागू कर प्रजापति समाज के माटीकला कारीगरों को सरकार द्वारा 5 बिस्वा जमीन एवं तालाब के दिए गये थे। धरने में बैठे कारीगरों ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हुये कहा कि यह प्राविधान पुन: लागू किया जाये जिससे कि कारीगरों को कार्य करने की जगह



मिल सके।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ओमप्रकाश प्रजापति (वरिष्ठ समाजसेवी), वीरेन्द्र प्रजापति, राकुमार प्रजापति, संजय प्रजापति, रामू प्रजापति, सानू प्रजापति, बन्टूलाल प्रजापति, दिनेश प्रजापति, मनोज प्रजापति, गंगाराम प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, बबलू प्रजापति, पप्पू प्रजापति, गौरीशंकर प्रजापति, मोहनलाल प्राजापति, दीपक प्रजापति, कल्लू प्रजापति, विनोद प्रजापति, मुकेश प्रजापति एवं प्रमुख सहयोगी साथीगण संतोष यादव अध्यक्ष, महाराजपुर विधानसभा सपा महेशवन्द्र नागर (सपा नेता दीपक खोटे शहर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी सपाअर्पित त्रिवेदी शहर अध्यक्ष युवजनसभा शिवकुमार बाल्मीकि, शहर अध्यक्ष बाबा साहेब वाहिनी सपा दीपक त्रिपाठी, कूपर सविता, मनीष राजपूत, विकास यादव, अकील अहमद, मंगलू राजूपत, चन्दन बादशाह, दिनेश यादव, रिंकू यादव, कल्लू कश्यप, सर्वेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## दिनदहाड़े दवा मार्केट में चोर ने गुल्लक से किये डेढ़ लाख पार, घटना सीसी टीवी कैमरे में हुई कैद

कानपुर। दिनदहाड़े दवा मार्केट में लूट, लुटेरे के हौसले बुलंद दुकान में घुसकर गुल्लक का ताला तोड़कर रकम ले गए आज दिनांक 17 .9. 25 को कानपुर डिस्ट्रीब्यूटर का मालिक अभिषेक दुकान पर अपने पिता दिनेश कुमार अवस्थी को बैठा कर रोज की तरह अपने काम से गए थे करीबन दोपहर 2:30 बजे एक अनजान व्यक्ति दुकान पर ग्राहक बनकर आया और 5 पीस वेपलाइजर की मांग की।

दिनेश अवस्थी गुल्लक में ताला लगाकर गोदाम में लेने गए और जब वापस आकर देखा तो वह व्यक्ति चला गया था और गुल्लक का ताला टूटा पड़ा था। चोर गुल्लक के अंदर रखें डेढ़ लाख रुपए गायब कर ले गया। उसकी फोटो सी सी टीवी कैमरे में नजर आ रही है। पीड़ित दुकानदार ने चोरी की शिकायत कलेक्टर गंज थाने में दर्ज कराई है।

## ना दहेज लेना है, ना दहेज देना है व महिलाओं पर हो रही हिंसा की रोकथाम के लिए दिलाई गयी शपथ

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 18/9/2025 को बी एन एस डी इंटर कॉलेज चुन्नीगंज कानपुर नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो डॉ आरती पाठक के द्वारा की गई।महिला कल्याण विभाग कानपुर नगर से मोनिका यादव उपाध्याय, जिला मिशन समन्वयक शैल शुक्ला व रागनी श्रीवास्तव, जेंडर स्पेशलिस्ट हब फॉर



एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन कानपुर नगर व वन स्टॉप सेंटर मैनेजर बंदना द्विवेदी केस वर्कर शशि देवी द्वारा महिला बी एन एस डी इंटर कॉलेज कानपुर नगर में ना दहेज लेना ना दहेज देना हेतु शपथ ग्रहण तथा महिला हिंसा रोकथाम पर जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज से प्रधानाचार्या अमर सिंह चौहान व कॉलेज के अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

# सिरफिरे आशिक ने प्रेमिका के बेटे को बनाया बंधक

## पुलिस ने गोली मारकर बच्चे को बचाया; आठ घंटे चला ड्रामा

» बीपीएस न्यूज

**कन्नौज। करीब 7.15 बजे पुलिस घायल युवक को अस्पताल लेकर पहुंची। एएसपी ने बताया कि युवक ने बच्चे को तमंचे के बल पर बंधक बनाया था। काफी समझाने के बाद भी युवक बच्चे को बंधक बनाए रखा। यूपी के कन्नौज स्थित कांशीराम कॉलोनी के एक आवास में महिला के सिरफिरे आशिक ने उसके बेटे को तमंचे की नोक पर बंधक बना लिया। करीब आठ घंटे तक अफसरों से लेकर पुलिस कर्मी युवक को समझाते रहे।**

एसओजी टीम ने युवक को बातों में फंसाकर पहले किसी तरह बच्चे को छुड़वाया, जैसे ही एसओजी टीम कमरे के अंदर घुसी उसने फायर कर दिया। गोली से बचने के प्रयास में एसओजी प्रभारी के हाथ चोट लग गई। एसओजी टीम ने युवक के पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया।

**चार महीने पहले की थी कोर्ट मैरिज**

तालग्राम क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी दीपू चक ने बताया कि कांशीराम कॉलोनी निवासी अर्चना के साथ चार माह पहले कोर्ट मैरिज की थी। शादी के बाद अर्चना पहले पति दिवंगत संजू की बेटी प्रीती (13) व बेटे प्रियांशू (08) को छोड़कर दीपू के साथ चली गई थी। दीपू ने बताया कि अर्चना उसे छोड़कर कहीं ओर चली गई। शुक्रवार सुबह दोपहर 11.30 बजे अर्चना की तलाश में दीपू कांशीराम कॉलोनी पहुंच गया। पास ही स्थित दुकान पर बैठी प्रीती व प्रियांशू को बुलाकर आवास पर ले गया। यहां अर्चना के न मिलने पर उसने तमंचा निकालकर दोनों को बंधक बना लिया।

**बच्ची बहाने से निकली कमरे से बाहर**

आसपास के लोगों की सूचना पर करीब 12.30 बजे डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाया। इस बीच प्रीती किसी बहाने से कमरे से बाहर निकल आई। एएसपी अजय कुमार, सीओ सुरेश मलिक ने दरवाजा खुलवाने के कई घंटों तक प्रयास किए। शाम करीब पांच बजे एसओजी प्रभारी देवेश पाल टीम के साथ कॉलोनी पहुंचे।

**कमरे में घुसी पुलिस तो कर दी फायर**

पुलिसकर्मियों ने युवक को बाहर बुलाने के हर संभव प्रयास किए, लेकिन युवक ने किसी की नहीं सुनी। शाम करीब 7.13 बजे एसओजी के आश्वासन पर युवक ने बंधक बनाए प्रियांशू को कमरे से बाहर भेज दिया। एसओजी प्रभारी टीम के साथ युवक को पकड़ने को कमरे में घुसे, युवक ने फायर कर दिया। गोली एसओजी प्रभारी के हाथ को छूते हुए निकल गई। उसके बाद टीम ने युवक के पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया।

**सिरफिरा अस्पताल में भर्ती**

करीब 7.15 बजे पुलिस घायल युवक को अस्पताल लेकर पहुंची। एएसपी ने बताया कि युवक ने बच्चे को तमंचे के बल पर बंधक बनाया था। काफी समझाने के बाद भी युवक बच्चे को बंधक बनाए रखा। पुलिस टीम की सूझबूझ से बच्चे को सकुशल बंधक मुक्त कराया गया है। पुलिस की गोली से युवक घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# बिधनू में केडीए का बड़ा एक्शन, 32000 वर्गमीटर जमीन से हटाया अवैध कब्जा

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। केडीए ने बिधनू क्षेत्र में अभियान चलाकर 32 हजार वर्गमीटर सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान एक युवक ने विरोध किया, जिसे पुलिस ने हटा दिया।कानपुर विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को बिधनू के सकरापुर, नगवा, बूढ़पुर मछरिया में अभियान चलाकर 32 हजार वर्गमीटर भूमि पर बने अवैध निर्माण ध्वस्त कराए। कार्रवाई के विरोध में एक युवक बुलडोजर के सामने आकर खड़ा हो गया। बमुश्किल उसे हटाया गया।

बिधनू थानाक्षेत्र में तेजी से प्लाटिंग हो रही है। यहां कुछ सोसाइटियां अवैध रूप से लोगों को जमीनें बेच रही हैं, जबकि केडीए यहां नई स्कीम लाने की योजना बना रहा है। केडीए के जोन चार के प्रवर्तन प्रभारी प्रवीण शर्मा की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई।

# किशनपुर में बनेगी एक और गोशाला, नगर आयुक्त ने निरीक्षण कर दिए निर्देश, कहा- जमीन कब्जा मुक्त कराएं

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। नगर आयुक्त ने पिटबुल जैसी आक्रामक नस्ल के लिए चेतावनी बोर्ड लगवाने निर्देश दिए। साथ ही, एबीसी केंद्र और कान्हा गौशाला के बीच स्थित द्वार को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने शुक्रवार को किशनपुर स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संपदा अधिकारी को निर्देशित किया कि गौशाला की खाली जमीन मुक्त कराई जाएं, वहां नई गौशाला बनाने का प्रस्ताव बनाएं। कान्हा गौशाला में कुल 6254 गौवंश संरक्षित हैं। नगर आयुक्त ने पौधरोपण का निरीक्षण कर खुशी जताई] क्योंकि सभी पौधे सुरक्षित मिले। निर्देश दिए कि बाहर और भीतर किनारे-किनारे पौधरोपण कराएं। क्षतिग्रस्त और जर्जर शेडो के स्थान पर नए शेड लगवाए। वह एबीसी केंद्र भी पहुंचे। नगर आयुक्त ने पिटबुल जैसी आक्रामक नस्ल के लिए चेतावनी बोर्ड लगवाने निर्देश दिए। साथ ही, एबीसी केंद्र और कान्हा गौशाला के बीच स्थित द्वार को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, डॉ. आरके निरंजन, ऋषिकेश व अन्य भी मौजूद रहे।शहर की सफाई व्यवस्था का हाल जानने शुक्रवार सुबह नगर आयुक्त सुधीर कुमार निरीक्षण पर निकले। वह वार्ड-100, किदवई नगर गए।

# मंगल भवन परियोजना को मिली दो करोड़ की मदद, जेसीआई के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया चेक

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। जेसीआई के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष हिरोकी टोमोरी ने कानपुर के बृजेंद्र स्वरूप पार्क में बन रहे मंगल भवन के लिए दो करोड़ रुपये का सहयोग दिया है। यह मंगल भवन गरीबों और महिलाओं के लिए रियायती दरों पर उपलब्ध होगा।कानपुर में बृजेंद्र स्वरूप पार्क के पास बनने वाले मंगल भवन के लिए जेसीआई के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष हिरोकी टोमोरी ने दो करोड़ रुपये का सहयोग दिया। शुक्रवार को अर्धनिर्मित मंगल भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगल भवन में अल्प आय वर्ग और महिलाओं के लिए वैवाहिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजनों को करने के लिए भवन रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा।इस बात की जानकारी जब जापान से आए जेसीआई के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष हिरोकी टोमोरी को हुई, तो उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताया और इसकी सराहना की। इस मौके पर महापौर प्रमिला पांडे और नगर आयुक्त सुधीर कुमार को हिरोकी ने चेक सौंपा। अतिथियों ने कहा कि मंगल भवन इस बात का उदाहरण है कि सरकार और सामाजिक संगठन मिलकर किस प्रकार स्थायी सामाजिक परिवर्तन ला सकते हैं। इसका उद्घाटन 13 नवंबर को किया जाएगा, जिसके लिए सीएम को आमंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# मेट्रो से 40 लाख लेकर डकार गया जल निगम, सुपरविजन तक नहीं किया,महापौर ने बुलाई बैठक

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। बैठक में नगर निगम के मुख्य अभियंता (सिविल) एसएफए जैदी ने बताया कि विजयनगर में जल निगम ने कार्य कराते समय ड्रेनेज सिस्टम ही खत्म कर दिया, जिसके कारण जलभराव हो रहा है। महापौर ने जल निगम से इसे तत्काल ठीक कराने के लिए कहा।

कानपुर में जल निगम मेट्रो से 40 लाख रुपये सुपरविजन चार्ज लेकर डकार गया और आंखें बंद कर उन्हें एनओसी दे दीं। उनके अभियंताओं ने मेट्रो निर्माण स्थलों पर कार्य के दौरान निगरानी भी नहीं की। मामले उजागर होने पर गुरुवार को महापौर ने जल निगम और जलकल विभाग की संयुक्त बैठक बुलाई। नगर निगम समिति कक्ष में हुई बैठक में महापौर प्रमिला पांडेय ने जल निगम अफसरों से कहा कि मेट्रो को काम करने के लिए एनओसी आप दे रहे हैं और जनता मुझे दोष दे रही है।

अधिकारी न तो काम देखने जाते हैं और न ही सही ढंग से काम कराते हैं। चाहे रावतपुर में जलभराव का मामला हो या गोविंदनगर, परमपुरवा क्षेत्र में आठ महीने से जलभराव से जूझ रही जनता की समस्या हो। जल निगम (नगरीय) के अधीक्षण अभियंता राजेंद्र सिंह ने बताया कि जल निगम ने पांच स्थानों चुन्नीगंज, मकराबटगंज, ट्रांसपोर्टनगर, जूही हमीरपुर रोड और बड़ा चौराहा के लिए एनओसी जारी की है। जल निगम को 40 लाख सुपरविजन चार्ज मिला है। काम मेट्रो वाले करा रहे हैं। जल निगम ने सिर्फ एनओसी दी है।

जलकल विभाग के जीएम एके त्रिपाठी ने बताया कि लाइनें कहां-कहां डायवर्ट हुई हैं इसकी जानकारी नहीं दी। जूही में मेट्रो ने गहरी सीवर लाइन का लेवल ऊंचा-नीचा कर दिया। सात फीट ऊपर सीवर लाइन डाल दी जिसके कारण पानी आगे नहीं बढ़ पा रहा है और महीनों से गोविंदनगर, परमपुरवा में जलभराव हो रहा है। महापौर ने जल निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन्होंने जो एनओसी मेट्रो को जारी की हैं उसके हिसाब से कार्य किया है अथवा नहीं? इसका निरीक्षण कर बताएं। फोटो, वीडियो भी उपलब्ध कराएं। डॉट नालों में भी किए गए कार्यों की भी जानकारी दें।बैठक में नगर निगम के मुख्य अभियंता (सिविल) एसएफए जैदी ने बताया कि विजयनगर में जल निगम ने कार्य कराते समय ड्रेनेज सिस्टम ही खत्म कर दिया, जिसके कारण जलभराव हो रहा है। महापौर ने जल निगम से इसे तत्काल ठीक कराने के लिए कहा। जल निगम के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विजयनगर में सड़क मरम्मत में लापरवाही पर ठेकेदार पर जुर्माना लगाया गया है। बैराज से सिटी और साउथ तक मुख्य पाइपलाइन बिछाने का कार्य आगामी अक्तूबर माह में पूरा होना था लेकिन बरसात के कारण पूरा नहीं हो पाएगा।बैठक में जल निगम अफसरों से कहा गया कि बिछाई गई पाइपलाइनों की टेस्टिंग कराएं। संबंधित पार्षदों को जानकारी दें और जब तक कार्य पूर्ण न हो तब तक ठेकेदारों को भुगतान न करें। जल निगम ग्रामीण के प्रोजेक्ट मैनेजर मोहित चक ने बताया कि अंबा नर्सिंग होम, सिविल लाइंस में सीवर भराव की समस्या दूर करने के लिए चार बार टेंडर जारी हो चुके हैं पर कोई टेंडर नहीं आया।

## राष्ट्रीय बाल देखभाल महोत्सव में ज्योति बाबा ने बच्चों को नशे के रोग से बचाने का किया आवाहन

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मैंने सिगरेट छोड़ दी है बस कभी-कभी एक इतना तो चलता है लेकिन अगर आप जानते कि सिगरेट के पहले कश के साथ ही शरीर में कैसी कैसी रासायनिक हलचल होने लगती हैं तो यह ना कहते, जानते हैं सिर्फ एक सिगरेट आपके पूरे जीवन को निकोटिन का गुलाम बना सकती है उपरोक्त बात सोसाइटी योग ज्योति इंडिया के तत्वाधान में आदर्श नेताजी सुभाष विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय बाल देखभाल महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख योग गुरू ज्योति बाबा ने कहीं, ज्योति बाबा ने आगे जोर देकर कहा कि सिगरेट के धुएं के साथ निकोटिन खून में घुलता है और इसका असर मस्तिष्क पर भी होता है दिमाग में आनंद का एहसास कराने वाला डोपामिन रसायन रिलीज होता है सिगरेट की लत के लिए निकोटीन काफी हद तक जिम्मेदार है।ज्योति बाबा ने जोर देकर कहा कि यह बहुत खतरनाक है कि आजकल के स्कूली बच्चों में सिगरेट एक बड़ी लत बनकर धुआं, टार और कार्बन मोनोऑक्साइड का मिश्रण उनके गलों में खराश पैदा करने के साथ सुबह उठने पर कफ की शिकायत बहुत ज्यादा दिखाई पड़ रही है, ज्योति बाबा ने आगे बताया कि सिगरेट छोड़ने के एक सप्ताह के भीतर आपकी स्वाद और गंध की क्षमता में सुधार हो सकता है तीन महीने के भीतर आपकी खांसी और घरघराहट कम हो जाएगी, आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली और हाथों और पैरों में रक्त संचार बेहतर हो जाएगा और आपके फेफड़े, बलगम, टार और धूल को हटाने में बेहतर हो जाएंगे। आपके शरीर में निकोटिन का स्तर भी नाटकीय रूप से कम हो जाता है जैसे-जैसे निकोटिन का स्तर कम होता है आपको निकोटिन की लत और लालसा के लक्षण भी महसूस होने लगेंगे, धूम्रपान छोड़ने की एक अच्छी योजना होने से आपको लालसा का विरोध करने,वापसी के लक्षणों से निपटने और धूम्रपान से दूर रहने में 100त्न मदद मिल सकती है। इस अवसर पर छात्र तन्मय शर्मा सारांश बाजपेई शैलेश कुमार प्राची सिंह संध्या आरव राज सिंह इत्यादि बच्चों को मां तुझे प्रणाम रैली में नशा मुक्त संकल्प रथ में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत भी किया गया।बच्चों ने जोरदार नारे धूम्रपान भयंकर आफत है।

# राष्ट्रीय पॉलिटेक्निक कानपुर में साइबर क्राइम और साइबर लॉ पर व्याख्यान कार्यक्रम हुआ आयोजित



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय पॉलिटेक्निक कानपुर में महिला कल्याण समिति द्वारा साइबर क्राइम और साइबर लॉ विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएसजेएम यूनिवर्सिटी, कानपुर की असिस्टेंट प्रोफेसर मेघना बाजपेई ने छात्राओं को साइबर अपराध और इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रधानाचार्य मुकेश चंद्र आनंद के कुशल निर्देशन में हुआ।

इस अवसर पर महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष अर्चना भारतीय सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्राओं ने साइबर सुरक्षा और कानूनी जागरूकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और उपयोगी जानकारियां प्राप्त कीं। यह आयोजन छात्राओं को डिजिटल युग में सुरक्षित रहने और साइबर अपराधों से बचाव के लिए किया गया।

# सांसद खेल महोत्सव में प्रतिभाग करने के लिए करें आवेदनः सांसद रमेश अवस्थी

## सांसद खेल महोत्सव 2025 पंजीकरण अभियान में सांसद का आह्वान

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। माननीय सांसद रमेश अवस्थी की अध्यक्षता में सरसैया घाट सभागार में सांसद खेल महोत्सव 2025 के पंजीकरण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, जिला अध्यक्ष भाजपा (उत्तर) अनिल दीक्षित, जिला अध्यक्ष भाजपा (दक्षिण) शिवराम सिंह, सांसद खेल महोत्सव के संयोजक अभिनव दीक्षित सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक में माननीय सांसद ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव 2025 में कानपुर लोकसभा क्षेत्र से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जानी है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि पंजीकरण का अंतिम दिन कल है, अतः लक्षित 20,000 पंजीकरणों को हर हाल में पूरा करने के लिए पूरे जोर-शोर से काम किया जाए।मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने भी इस अवसर पर कहा कि प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा प्रतिभागियों को सुविधा देने के लिए समन्वय किया जा रहा है।इस अवसर पर सांसद ने नागरिकों से अपील की कि वे सांसद खेल महोत्सव 2025 में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर स्वस्थ और फिट भारत के निर्माण में योगदान दें।

# सौरभ भारद्वाज अस्पताल घोटाला

## घटनाओं की समयरेखा

### 10 अगस्त, 2025
**आरोप सामने आए**

दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज पर ₹5,590 करोड़ के अस्पताल निर्माण प्रोजेक्ट में अनियमितताओं के आरोप लगे।

### 17 अगस्त, 2025
**ईडी ने जांच शुरू की**

ED ने आधिकारिक जांच शुरू की और सौरभ भारद्वाज के आवास समेत कई जगहों पर छापेमारी की।

### 18 अगस्त, 2025
**महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त**

ईडी ने ऐसे दस्तावेज़ और डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किए, जिनसे प्रोजेक्ट फंड कई शेल कंपनियों से जुड़े पाए गए।

### 19–21 अगस्त, 2025
**राजनीतिक हलचल**

विपक्ष ने सौरभ भारद्वाज के इस्तीफे की मांग की। समर्थकों ने जांच को "राजनीतिक साजिश" बताया। मीडिया और जनता में बहस तेज हुई।

### 22 अगस्त, 2025
**सौरभ भारद्वाज का आधिकारिक**


सौरभ भारद्वाज ने मीडिया को संबोधित किया, खुद को निर्दोष बताया और छवि खराब करने की साजिश का आरोप लगाया।

### 25 अगस्त, 2025
**कोर्ट की कार्यवाही शुरू**

कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई; ईडी ने शुरुआती सबूत पेश किए।

### 29 अगस्त, 2025
**वर्तमान स्थिति**

जांच जारी है। अगली सुनवाई 10 सितंबर, 2025 को तय। जनता और राजनीति की नजरें इस मामले पर टिकी हैं।



# भाजपा विधायक द्वारा 10 प्रतिशत कमिशन लेना स्वीकार करने वाले बयान पर कांग्रेस ने पुलिस कमिश्नर को सौंपा शिकायत पत्र

## पुलिस कमिश्नर ने जांच कर कार्यवाही का दिया निर्देश

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। भाजपा विधायक द्वारा 10 प्रतिशत कमिशन लेना स्वीकार करने पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर कानपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मुलाकात कर विधायक के इस बयान पर जांच और कार्यवाही की मांग की। अखिल कुमार ने विस्तार से पूरी बात सुनी और जांच कर कार्यवाही का निर्देश भी दिया।

अध्यक्ष पवन गुप्ता ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को शिकायत पत्र के साथ पेन ड्राइव भी दी। जिसपर कमिश्नर ने कहा कि पेन ड्राइव आप आईओ को दीजियेगा क्योंकि मैं जांच कर कार्यवाही का आदेश दे रहा हैं। अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि विधायक ने सार्वजनिक रूप से कमिशन लेने की बात स्वीकारी है जो धारा 173 के तहत अपराध है। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कमिश्नर से कहा कि बीएनएस की धारा 173 समेत उचित धाराओं में कार्यवाही होनी चाहिए। मौखिक रूप से घूस मांगने पर लोगों को जेल हो जाती है, मौखिक रूप से महापुरुष या नेता को गाली देने पर मुकदमे दर्ज हो जाते हैं, तो विधायक के भ्रष्टाचार को सवीकार करने पर तो कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए।



कमिश्नर आखिल कुमार ने जांच कर कार्यवाही का आदेश दिया।अध्यक्ष पवन गुप्ता, प्रतिभा अटल पाल, दीपक त्रिवेदी बल्ली, अतीक अहमद शहजादे, पूजा भारद्वाज, पदम मोहन मिश्रा, रितेश यादव, राकेश साहू, मुकेश कन्नौजिया, जावेद उस्मानी, शांतनु दीक्षित, धर्मेंद्र चौहान, विनोद अवस्थी, तिलक चंद अहिरवार, आजाद बौद्ध, विजय शाह, राजेश कुमार, आरिफ सिद्दीकी आदि थे।

# डिजिटल फेस ड्यूटी करने से सफाई कर्मचारियों को कठिनाइयों का करना पड़ता है सामना

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी कानपुर महानगर के अध्यक्ष दीपक खोटे वाल्मीकि के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा ज्ञापन के दौरान बताया कि उ0प्र0 सरकार ने सफाई कर्मचारियों की डिजिटल फेस ड्यूटी प्रात: 5-30 बजे करने से सफाई कर्मचारियों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इससे महिला सफाई कर्मचारियों के सामने एक विकराल समस्या खड़ी हो गई है। महिला सफाई कर्मचारी अपनी ड्यूटी के कारण अपने बच्चों को स्कूल नही भेज पा रही है, जिससे दलित समाज व सफाई कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा से दूर रखने के लिए एक सोची समझी साजिश के अन्तर्गत प्रदेश सरकार ने सफाई कर्मचारियों की डिजिटल फेस ड्यूटी 5-30 बजे सुबह कर दी है।भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा दलित समाज खासकर सफाई कर्मचारियों का भरपूर उत्पीड़न किया जा रहा है जिसे समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी किसी भी कीमत में बर्दास्त नही करेगी। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि प्रदेश में बाल्मीकि समाज ही ऐसा समाज है जो दूसरो द्वारा फैलाई गई गन्दगी मल मूत्र कूड़ा आदि की सफाई करके जनता को सबसे पहले नई सुबह का तोहफा देता है। दीपक खोटे महानगर अध्यक्ष लो0वा0 हाजी फजल महमूद, महानगर अध्यक्ष के के शुक्ला प्रदेश. सचिव संजय सिंह बंटी सेंगर महानगर महासचिव, शैलेन्द्र यादव मिन्ट, वरि0 उपाध्यक्ष, शादाब आलम अध्यक्ष यूथ बिग्रेड, अनूप यादव अध्यक्ष छात्र सभा चन्दन कोरी, प्रमुखमहासचिव लो0वा0

महेश कनौजिया अध्यक्ष कार्यक्रम में मौजूद जीतू कैथल, राहुल धनविक, ऋषि पाल, अंकित यादव, आयुष वाल्मीकि, धनराज, अमन बक्सरिया, साहिबे आलम कोषाध्यक्ष रौनक वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि, श्याम वाल्मीकि, रोहित वाल्मीकि, उपाध्यक्ष दाऊद, विजय कनौजिया, सुमित वाल्मीकि, अजय बाल्मीकि साहिबे आलम कोषाध्यक्ष, आदि लोग रहे।

# आयकर विभाग से सेवानिवृत शरद प्रकाश अग्रवाल का किया गया सम्मान



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। ट्रेड यूनियंस एवं औद्योगिक फेडरेशन के साझा मंच कानपुर द्वारा आयकर विभाग से सेवानिवृत शरद प्रकाश अग्रवाल का शानदार सम्मान समारोह आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता कामरेड गीता शांत सहसंयोजिका (बरेली डिविजन ट्रेड यूनियन फ्रंट व संपादक श्रमिक आवाज) ने वर्तमान सामाजिक राजनीतिक व आर्थिक परिदृश्य में ट्रेड यूनियन की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया व मौजूदा सरकार में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार और सरकारी विभागों के निजीकरण करके पूंजीपतियों के हाथ में सौंप जाने की बात कही।

इसके साथ् ढ्ढद्धश्च के अथक प्रयासों से भारतीय जीवन बीमा में पूर्णतया जीएसटी को हटाए जाने के विषय में जानकारी दी। सभा का सफल संचालन नार्थ ज़ोन बीमा कर्मचारी यूनियन के ऊर्जावान महामंत्री कामरेड राजीव निगम द्वारा किया गया। उन्होंने शरद प्रकाश अग्रवाल के संयुक्त ट्रेड यूनियन मूवमेंट में महत्वपूर्ण योगदान को बताते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा साझा मंच में अब ज्यादा सहयोग की भी आशा व्यक्त की। उनकी पत्नी सीमा अग्रवाल जागृति ने ऽकारवाँ यूं ही चलता रहे, इसे तुम रोक ना देनाऽ कविता पढ़ते हुये ट्रेड यूनियन के संघर्ष की सराहना की।

सेमिनार की अध्यक्षता वरिष्ठ बैंक नेता का0 रजनीश गुप्ता एवं स्वागताध्यक्ष आयकर अधिकारी संघ के वरिष्ठ नेता राघवेंद्र सिंह तथा आभार वरिष्ठ बीमा नेता प्रदीप भाटिया द्वारा दिया गया।इसके अलावा केंद्र, राज्य, बैंक, बीमा, शिक्षक एवं अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों के अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक संघो के प्रमुख पदाधिकारियों में साथी कूटा अध्यक्ष डॉ बी0 डी0 पांडेय, डिफेंस से एस0 के0 साहू, राज्य कर्म0 महासंघ के कमल अग्रवाल, अनिल बाजपेई, एस0 के0 वर्मा सुनील शम), के0 पी0 मिश्रा डॉ0 सुरेश चंद्र गुप्ता, प्रवीण मिश्रा अमित मिश्रा, मनोज कुमार, राकेश कनौजिया, संजय श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, राजीव खरे, मोहम्मद वसी, असित सिंह, गौरव दीक्षित, उमेश शुक्ला, एम0 एस0 जैदी, कामरेड उमाकांत, तारणी पासवान, मीनाक्षी सिंह, रूबी निगम, दिनेश सिंह भोले, राम दुलारे यादव, प्रमोद शर्मा, सुरेश सचान, छवि लाल यादव, राजा भरत अवस्थी, के0 के0 शुक्ला, एस0 के0 सिंह, सुशील बाजपेई, जे0 एन0 गुप्ता, किशन लाल यादव, जयवीर सिंह, प्रसिद्ध श्रीवास्तव सहित विविध ट्रेड यूनियनों के भारी संख्या में साथीगण मौजूद रहे।

# शिक्षित बेरोजगारों को आत्महत्या के लिए उकसा रही सरकार,.. राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## » उत्तर प्रदेश में दिव्यांग उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं की निन्दा

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। दिव्यांग महागठबंधन के आवाहन पर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने प्रदेश व्यापी आवाहन पर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिव्यांग महागठबंधन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया गया कि सरकार से छै चरणों में वार्ता होने के बावजूद सरकार ने आश्वासन के बाद मांगों को पूरा नहीं किया।

सरकार शिक्षित बेरोजगारों को नौकरियां न देकर आत्महत्या के लिए उकसा रही है। गाजीपुर जनपद के दिव्यांग लेखपाल अभ्यर्थी अभिषेक सिंह ने लेखपाल पद पर चयन होने के बाद भी नियुक्त न मिलने पर आत्महत्या कर ली। सरकार द्वारा दिव्यांग पेंशन बढ़ाने का आस्वाशन देने के बावजूद पांच हजार महिना पेंशन नहीं कि।

राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि नौकरी रोजगार स्वास्थ शिक्षा सुरक्षा रोटी कपड़ा और मकान कि सौ फीसदी गारंटी के लिए समाजिक समानता कानून बनाने, लेखपाल व मुख्य सेविका अभ्यर्थियों को नौकरी देने,पेंशन पांच हजार रुपए करने, अन्त्योदय आयुष्मान कार्ड बनाने, आवास कि सुविधा देने की मांग की गई है। उत्तर प्रदेश में दिव्यांग उत्पीड़न कि बढ़ती घटनाओं कि निन्दा कि गयी और सरकार कि उदासीनता के चलते



आत्महत्या कर रहे दिव्यांगों के परिजनों दो करोड़ रूपए का मुआवजा देने कि मांग कि गयी। मांग पत्र में सरकारी नौकरियों में चलन क्रिया के दिव्यांगों कि श्रेणियों चिन्हांकित करने कि मांग कि गयी। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों कि मांगों को पूरा नहीं करती है तो जल्द प्रदेश व्यापी आन्दोलन मुख्यमंत्री के कार्यालय में किया जाएगा।

ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अल्पना कुमारी, गुड्डी दीक्षित, अरविन्द सिंह, वैभव दीक्षित, गोमती वर्मा, गौरव कुमार, सरला, अनुराधा गुप्ता, राम जानकी, जितेन्द्र गुप्ता, आदि शामिल थे।

# पुलिस आयुक्त ने लोगों से की अपील, मादक पदार्थों की अवैध बिक्री को रोकने में पुलिस का करें सहयोग

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। थाना किदवई नगर क्षेत्रान्तर्गत कंजड़नपुरवा इलाके में मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त की सूचनाओं को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा डीसीपी दक्षिण, एडीसीपी दक्षिण, एसीपी बाबूपुरवा व थाना प्रभारी किदवई नगर के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान स्थानीय परिवारों से संवाद स्थापित कर मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई तथा लोगों से अपील की गई कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री को रोकने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस आयुक्त ने कहा कि ऐसे अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को दें और सामाजिक स्तर पर भी समझा-बुझाकर इस कार्य को न करने हेतु प्रेरित करें।

इस अवसर पर ऑपरेशन हौंसला के बारे में भी अवगत कराया गया और लोगों से आह्वान किया गया कि अपराध का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का लाभ उठाएं। पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा छोटे बच्चों से भी संवाद किया गया उनकी स्कूली पढ़ाई व दिनचर्या के बारे में जानकारी कर टॉफी वितरित की गयी। बच्चे पुलिस आयुक्त महोदय को अपने बीच पाकर बहुत खुश हुए और बोले हम भी बड़े होकर आप की तरह पुलिस अधिकारी बनना चाहते हैं।

पुलिस आयुक्त द्वारा पुलिस उपायुक्त दक्षिण को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु ठोस कार्ययोजना बनाकर सख्त व त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# चोरी की अफवाह फैला रहे तीन अभियुक्त को बाबूपुरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

कानपुर। बाबूपुरवा थाना अंतर्गत बगाही चौकी और बाकरगंज बाजार चौकी क्षेत्र में फर्जी चोरी की अफवाह फैलाने वाले तीन अभियुक्त को बाबूपुरवा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सोमवार शाम 7-30 के लगभग चोरी की अफवाह फैला रहे थे। जिससे क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल हो गया था।हालांकि बाबू पूर्वा पुलिस ने उत्तेजित भीड़ को समझा बूझाकर शांत किया। लोगों से अफवाह न फैलाने की गुजारिश की। वही चोरी की अफवाह फैलाने वाले तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।करण सिंह पुत्र अर्जुन सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी 130/08 बगाही भट्टा, प्रिंस भारती पुत्र स्वर्गीय रंजीत भारती उम्र 18 वर्ष निवासी 130/42 बगाही, अनस पुत्र बाबर उम्र 26 वर्ष निवासी मकान नंबर 974 मछरिया अफवाह फैला रहे थे।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक आशीष कुमार चौबे, उप निरीक्षक आलोक कुमार, उपनिरीक्षक आफताब, उप निरीक्षक कृपा शंकर, हेड कांस्टेबल 2033 देवेंद्र दुबे, हेड कांस्टेबल 581 अजमल खान, कांस्टेबल 3650 धीरेंद्र कुमार रहे।



# जिला जज ने अधिवक्ता सम्मान से 45 युवा अधिवक्ताओ को किया सम्मानित

## राम कृष्ण शर्मा के स्मृति दिवस पर हुआ सम्मान

» बीपीएस न्यूज

कानपुर बार एसोसिएशन सभागार में प्रख्यात समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता, प्रदेश में अधिवक्ता कल्याण की प्रथम योजना (अधिवक्ता सामूहिक बीमा योजना 1974 लागू कराने वाले स्व. पं रामकृष्ण शर्मा के स्मृत दिवस पर सर्व प्रथम मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश ने चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि श्री शर्मा के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलकर हम बार और बेंच के सामंजस्य को बढ़ा न्याय प्रणाली को मजबूत करें यही श्री शर्मा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अमित सिंह महामंत्री बार एसोसिएशन ने कहा कि श्री शर्मा ने सन 1974 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमवती नन्दन बहुगुणा से मिल उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता कल्याण की प्रथम योजना (अधिवक्ता सामूहिक बीमा योजना रु 5000 की) लागू करवाई थी श्री शर्मा के जीवन की यह सबसे बड़ी उपलब्धि रही। और उससे अधिक विशेष ये है कि इसे बढ़वाने के लिए उनके पुत्र पं रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन का संघर्ष वर्ष 2014 में सफल हुआ जब योजना की राशि बढ़ाकर रु 500000 हुई जो दिवंगत अधिवक्ता के परिजनों को प्राप्त हो रही है। शर्मा जी ने अपना सारा जीवन अधिवक्ता कल्याण और अधिवक्ता गौरव को बढ़ाने में लगाया।



कार्यक्रम आयोजक स्व.शर्मा के पुत्र पं रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने कहा कि पिता के अधिवक्ता कल्याणार्थ संघर्ष से प्रेरणा ले अधिवक्ता कल्याण निधि बढ़ाये जाने के लिए हमने लंबे समय तक संघर्ष किया जो सभी के सहयोग से सफल हुआ और कल्याण निधि की राशि रु 1,50,000 से बढ़ाकर रु 5,00,000 की गई जिसका वितरण भी हो रहा है हम कल्याण निधि की लड़ाई जीत चुके अब अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा या आयुष्मान योजना से जुड़वाने तथा अधिवक्ता पेंशन योजना सहित अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करा पिता के सपने को पूरा करने का है प्रयास करेंगे।स्मृति दिवस पर जनपद न्यायाधीश ने ए आई बी ई एग्जाम पास कर अधिवक्ता परिवार में सम्मिलित होने वाले नवागंतुक युवा अधिवक्ताओं राजुल श्रीवास्तव, शशांक त्रिवेदी, फाज़ेब हसन, यश वर्धन सिंह, गौरव पांडेय, जैनेन्द्र राजावत, नंदिनी गुप्ता, दीपू यादव, उज्वल कठेरिया सहित

45 ए आई बी ई पास नवागंतुक अधिवक्ताओं को अधिवक्ता सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के सानिध्य में युवा अधिवक्ताओं को नवीनतम विधिक निर्णयों के ज्ञानार्जन के साथ न्यायालयों में सुनवाई के वक्त उपस्थित होने से अधिवक्ता का भविष्य उज्वल होगा। कार्यक्रम में सभी अतिथि गणों और अधिवक्ताओं ने श्री शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आजाद सिंह, विनय सिंह, सुभाष सिंह, राकेश सिंह (न्यायाधीशगण) भानू द्विवेदी, महेंद्र बहादुर सिंह, अजीत शुक्ला, अशोक पांडेय, मो कादिर खान, सोमेंद्र शर्मा (पुत्र ) संजीव कपूर, विजय सागर, शिवम गंगवार, इंद्रेश मिश्रा, के के यादव आदि रहे।

# कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के लिए सद्बुद्धि हवन कर जन्मदिन की दी बधाई

## » वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर महानगर कांग्रेस के तत्वाधान में आज प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर तिलक हाल में सद्बुद्धि हवन का आयोजन हुआ जिसमें सभी मौजूद कांग्रेसजनों ने अध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में गांधी टोपी पहन कर प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की ताकि वे वोट चोरी, महंगाई, दूसरे देशों के सामने भारत का



अपमान करवाना, धर्म के नाम पर देश में राजनीति करना और संविधानिक और कानूनी संस्थाओं का दुरुपयोग बंद करें। साथ ही एआईसीसी और पीसीसी के निर्देश पर भाजपा और मोदी जी द्वारा की जा रही वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत भी हस्ताक्षर करवाके की गई।सैकड़ों की तादाद में कांग्रेसजन मौजूद रहे। सभी ने रामधुन भी गाई।अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि हम मोदी जी को जन्मदिन की बधाई देते हैं और साथ ही उपहार के रूप में उनके लिए सद्बुद्धि हवन कर रहे हैं ताकि उनको सद्बुद्धि मिले और वे वोट चोरी करना बंद कर दें। संवैधानिक और कानूनी संस्थाओं जैसे कि चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स आदि का दुरुपयोग भी बंद करें। देश के शहीद परिवारों की मांग के बावजूद पाकिस्तान से क्रिकेट मैच खेलना भी मोदी जी का गलत निर्णय था वो चाहते तो रोक सकते थे। इन सब कारणों से मोदी की सद्बुद्धि के लिए हवन करना आवश्यक था।महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, हरप्रकाश अग्निहोत्री, नरेश त्रिपाठी, प्रतिभा अटल पाल, संतोष त्रिपाठी, शकंर दत्त मिश्रा, राकेश साहू, धर्मेंद्र चौहान, राम शंकर राय, पदम मोहन मिश्रा, अजय प्रकाश तिवारी, रितेश यादव, सैमुअल लकी सिंह, ब्रजेश शर्मा, इकबाल अहमद, आनंद शुक्ला, प्रदीप निगम, अजय श्रीवास्तव शीलू, संजय दीक्षित, उपेन्द्र यादव, दुर्गा मिश्रा, जावेद उस्मानी, हाजी जलील, अजय सिंह चौरसिया, विनोद अवस्थी, जितेंद्र गिरी, अमित अग्निहोत्री, रवि बाजपई, राम प्रकाश तिवारी, राकेश चंद्र गुप्ता, मो नफीज, रेहान खान आदि थे।

# स्वच्छता अभियान के तहत की गई साफ सफाई एक पेड़ मां के नाम के तहत किया गया वृक्षारोपण

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। सेवा पखवाड़ा दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक अभियान के अंतर्गत 17/9/25 को वन स्टॉप सेंटर कानपुर नगर कार्यालय में ॥श्ङ्क टीम तथा कार्यालय में उपस्थित समस्त कार्मिक द्वारा थीम स्वच्छता अभियान के तहत कार्यालय के प्रांगण में साफ सफाई की गई ।

कार्यालय प्रांगण में थीम एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जी. एस. वी.एम. विभागाध्यक्ष डॉ. मधु यादव माइक्रोबायोलॉजी विभाग, मेडिकल ऑफिसर शहरी स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा वन स्टॉप सेंटर में पौधारोपण कर किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर मोनिका उपाध्याय यादव, जेंडर स्पेशलिस्ट शैल शुक्ला रागनी श्रीवास्तव, वन स्टाफ सेंटर से सेंटर मैनेजर वंदना द्विवेदी, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता राबिया सुल्ताना, केस वर्कर इशिता, शशी देवी, संगीता, संध्या व कार्यालय से समस्त कार्मिक उपस्थित रहें।

# महापौर ने हरी झंडी दिखाकर रिज़र्व पुलिस लाइन से नानाराव पार्क तक भव्य बाइक रैली का किया शुभारंभ

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु प्रारम्भ किए गए के अंतर्गत कानपुर नगर में महापौर प्रमिला पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर कमिश्नरेट पुलिस की महिला पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन से नानाराव पार्क तक भव्य बाइक रैली का शुभारंभ किया ।इस अवसर पर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध), संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस रैली के माध्यम से नारी शक्ति के आत्मविश्वास, सम्मान और स्वावलंबन का सशक्त संदेश समाज को दिया गया।

## आयुर्वेद हमारी साझी धरोहर, स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली का आधार: डीएम



कानपुर। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस-2025 की तैयारियों को लेकर शनिवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों के साथ समीक्षा की। इस वर्ष 23 सितम्बर को 10वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा। इसकी थीम 卐आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए卐 तय की गई है। मुख्य कार्यक्रम सरसैया घाट पर होगा, जहाँ आयुर्वेदिक प्रदर्शनी भी लगेगी। प्रदर्शनी में औषधीय पौधों, जड़ी-बूटियों, पंचकर्म और योग से जुड़े स्टॉल लगाए जाएंगे। लोग विशेषज्ञों से परामर्श ले सकेंगे ।वहीं सभी आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में स्वास्थ्य शिविर, योग सत्र, औषधीय पौधों का वितरण और जागरूकता गतिविधियाँ होंगी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. कप्तान सिंह, बीएसए सुरजीत सिंह, डीपीआरओ मनोज कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रेमिका की गला दबाकर हत्या, शव सूटकेस में रख 95 किमी दूर यमुना में फेंका, चौंकाने वाला खुलासा

» बीपीएस न्यूज





कानपुर। लगभग डेढ़ माह पुराने मामले में प्रेमी और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शव बाइक से चिल्लाघाट ले गए थे।

इंस्टाग्राम से दोस्ती और फिर प्यार के बाद हत्या। प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या कर शव सूटकेश में डालकर बाइक से 95 किलोमीटर दूर बांदा के चिल्लाघाट में यमुना में जाकर फेंका। हनुमंत विहार पुलिस ने लगभग डेढ़ महीने पहले हुई हत्या का शनिवार को खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने 21 जुलाई को वारदात को अंजाम दिया था।कानपुर देहात के रूरा थानाक्षेत्र के सुजनीपुर इलाके की रहने वाली विजयश्री की चार संतानें थीं। उनकी तीसरे नंबर की बेटी आकांक्षा (20) अपनी बड़ी बहन प्रतीक्षा के साथ डेढ़ साल पहले बर्रा में किराये पर रहती थी। इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी दोस्ती फतेहपुर के बिंदकी थानाक्षेत्र के हरीखेड़ा निवासी सूरज से साल भर पहले हुई थी। सूरज बर्रा स्थित रेस्टोरेंट में इलेक्ट्रीशियन था। उसने आकांक्षा की नौकरी भी वहीं पर लगवा दी। सूरज के कहने पर वह दस माह पहले हनुमंत विहार स्थित दूसरे रेस्टोरेंट में काम करने लगी। बर्रा स्थित घर से रेस्टोरेंट की दूरी ज्यादा होने का बहाना बनाकर उसने करीब आठ माह पहले घर भी छोड़ दिया था। सूरज ने उसे हनुमंत विहार इलाके में प्रमोद तिवारी के मकान में किराये पर कमरा दिलाया था जहां वह आसानी से आता-जाता था।आकांक्षा ने सूरज के बारे में अपने घरवालों को बता रखा था। 21 जुलाई की शाम को उसे सूरज के दूसरी लड़की से प्रेम संबंधों की जानकारी हुई तो उसने उसे रेस्टोरेंट बुलाया जहां दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद रात में दोनों घर पहुंचे। वहां विवाद बढ़ने पर सूरज ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को ठिकाने लगाने के लिए फतेहपुर के जाफरगंज थानाक्षेत्र के खानपुर कदीम निवासी दोस्त आशीष को घर बुलाया। शव सूटकेस में भरकर बाइक से 95 किमी दूर बांदा के चिल्लाघाट में यमुना में फेंक दिया।मां विजय श्री के अनुसार, 22 जुलाई से बेटी का फोन स्विच ऑफ था। उन्होंने 23 को सूरज को फोन कर बेटी के बारे में पूछा तो उसने जानकारी न होने और खुद फतेहपुर में होने की बात कही। 24 जुलाई से लेकर आठ अगस्त तक बेटी की तलाश में वह बर्रा चौकी से लेकर सीपी कार्यालय तक भटकती रहीं। इसके बाद पुलिस कमिश्नर के आदेश पर हनुमंत विहार थाने में आठ अगस्त को बेटी की गुमशुदगी दर्ज हुई। इसके बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की इसके बाद मां ने शक के आधार पर सूरज के खिलाफ 16 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई तो पुलिस ने सीडीआर और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसने वारदात भी कबूल कर ली। कहा कि वह शादी का दबाव बना दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी। इससे उसकी हत्या कर शव को यमुना में फेंक दिया। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।सूरज ने बताया कि घर में दोनों में जोरदार झगड़ा हुआ। इस दौरान उसकी छाती पर ताबड़तोड़ घूंसे मारे फिर गला दबा दिया। शव को सूटकेस में भरकर बांदा के चिल्ला घाट ले गए। वहां यमुना में शव फेंकने के पहले सूटकेस के साथ सेल्फी लेकर स्टेटस भी लगाया था। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल से वह फोटो बरामद कर ली है। शव की तलाश कराई जा रही है। हालांकि बड़े सूटकेस के साथ स्टेटस देखकर भी किसी ने शक नहीं जताया।

# कानपुर नगर: 23 सितम्बर पटाखा विक्रेताओं को नियम व सुरक्षा मानकों से अवगत कराने को विशेष गोष्ठी आयोजन

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। दीपावली के हर्षोल्लासपूर्ण उत्सव को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से मनाने के उद्देश्य से कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा पटाखा विक्रेताओं को लाइसेन्स जारी करने की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत सभी पटाखा विक्रेताओं को लाइसेन्स वितरण से पूर्व आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराने हेतु एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया है।

गोष्ठी 23 सितम्बर, मंगलवार को अपराह्न 5:00 बजे पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध व मुख्यालय महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। गोष्ठी का उद्देश्य पटाखा विक्रेताओं को लाइसेन्स प्राप्त करने की प्रक्रिया, नियम एवं सुरक्षा मानकों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। इसके साथ ही विक्रेताओं को यह भी बताया जाएगा कि किन नियमों का पालन करना आवश्यक है और किस प्रकार से वे दीपावली के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

गोष्ठी में कानपुर नगर के सभी पटाखा लाइसेन्स आवेदक उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त, कमिश्नरेट के अधिकारीगण एवं कर्मचारियों को भी समय पर उपस्थित रहकर निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

कानपुर नगरवासियों को शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं




कानपुर नगरवासियों को शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं




कानपुर नगरवासियों को शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं







बीपीएस न्यूज
(साप्ताहिक समाचार पत्र)
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, संपादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com, info@bpsnews.in , www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओ की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनो के अंदर भेजे।